तापमान

अधिकतम 41.0 डिग्री

न्यूनतम 22.9 डिग्री

# हरिभूमि बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, सोमवार 7 अप्रैल 2025

[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया ]





## खबर संक्षेप

### पं. मेहता का संगीतमय व्याख्यान आज

**बिलासपुर।** श्री हनुमान महापाठ समिति के तत्वावधान में 7 अप्रैल सोमवार को देवकीनंदन दीक्षित कन्या शाला प्रांगण बृहस्पति बाजार में श्री हनुमान महापाठ का आयोजन किया जा रहा है।



इसमें प्रख्यात जीवन प्रबंधन गुरू पं. विजय शंकर मेहता अपनी ओजस्वी वाणी से दिव्य संगीतमय व्याख्यान देकर भक्तों का मार्गदर्शन करेंगे। श्री मेहता इस दौरान रामजी के तीन जीवन सात टर्निंग प्वाइंट इस वर्ष का महापाठ विशेष रूप से युवा पीढी का समर्पित है। आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि यह कार्यक्रम शाम 7 बजे से प्रारंभ होगा। कार्यक्रम के प्रारंभ में श्री हनुमान चालीसा के साथ सामूहिक पाठ व अंत में श्री हनुमान की आरती होगी। इसमें समिति के सदस्य मनोज भंडारी, सुनील खंडेवाल, संजय रजक, संजय बुधिया, नारायण आवटी, ललित पुजारा, अनंत बाजपेयी, सुभाष अग्रवाल, चितरू अग्रवाल, रामकिशोर अग्रवाल, महेश सुल्तानिया, सुरेश जाजोदिया आदि आवश्यक तैयारी में जुटे हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं से महापाठ में शामिल होकर भक्ति रस का पान करने का अनुरोध किया है।

### कल से शुरू होगा सुशासन तिहार

**बिलासपुर।** जिले सहित प्रदेश में 8 अप्रैल से सुशासन तिहार शुरू होगा। तीन चरणों में होने वाले इस तिहार का पहला चरण 8 से 11 अप्रैल तक होगा। सरकार के मुताबिक यह तिहार प्रदेश में सुशासन की सशक्त स्थापना, जनसमस्याओं के त्वरित समाधान, जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा और जन संवाद को सशक्त बनाने के उद्देश्य से तीन चरणों में आयोजित किया जाएगा। बताया गया है कि दूसरे चरण में लगभग एक माह के भीतर प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। तीसरे एवं अंतिम चरण में 5 मई से 31 मई 2025 के बीच समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। प्रत्येक जिले की परंपराओं, आवश्यकताओं और परिस्थितियों के अनुसार नवाचार भी किए जा सकते हैं, जिससे यह तिहार अधिक जनोपयोगी और प्रभावशाली बने।

### अवैध पार्किंग से लग रहा जाम



**बिलासपुर।** बिलासा चौक से मछली मार्केट जाने वाली सड़क के बीच डिवाइडर बनाया गया था ताकि यातायात व्यवस्था का संचालन सुचारू रूप से हो सके। दुकानदारों द्वारा गाड़ी खड़ी करने के कारण सड़क पर जाम लगा रहता था। नगर निगम ने लोगों से जाम से राहत दिलाने उक्त डिवाइडर को हटा दिया था। लेकिन लोगों ने अपनी गाड़ियां खड़ी करना नहीं छोड़ा और सड़कों पर जाम लगा रहता है। हालांकि यातायात विभाग द्वारा समय-समय चलानी कार्रवाई की जाती है। इसके बाद भी लोग गाड़ी रखने से बाज नहीं आ रहे हैं।

# ठग कर रहे फोन- 'आपका बच्चा दो सब्जेक्ट में फेल हो गया है, पास कराना है तो 20 हजार में सेटिंग हो जाएगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

खास खबर

10वीं-12वीं बोर्ड के विद्यार्थियों के अभिभावकों को फर्जी कॉल आ रहे हैं। ठग उन्हें बता रहे हैं कि उनके बच्चे दो विषयों में फेल हो गए हैं और पास कराने के लिए 10 से 20 हजार रुपए देने होंगे। पुलिस के साथ ही जिला शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने अभिभावकों को सतर्क रहने की अपील की है। अधिकारी स्वीकार भी कर रहे हैं कि जालसाज अब 10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षा में पास कराने के नाम पर विद्यार्थियों और अभिभावकों से रुपये मांग रहे हैं।

बिलासपुर, रायपुर के साथ ही प्रदेश के अलग-अलग जिलों में चल रही कापियों की जांच के दौरान इस तरह के मामले सामने आ रहे हैं। दरअसल, प्रदेशभर में 36 केंद्रों पर 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाएं जांची जा रही हैं। मांशिमं ने मई के पहले सप्ताह में इनके परिणाम जारी करने की संभावना जताई है। इसका फायदा उठाते हुए ठग सक्रिय हैं, जो विद्यार्थियों के पालकों का मोबाइल नंबर प्राप्त कर इन दिनों उन्हें ठगी का शिकार बनाने की कोशिश में हैं। लोगों से रुपए ऐंठने के लिए ठग क्यूआर कोड भेज रहे हैं। रुपए नहीं देने पर बच्चे को फेल करने की धमकी भी दे रहे हैं।




» लोगों से रुपए ऐंठने के लिए ठग क्यूआर कोड भी भेज रहे हैं

» रुपए नहीं देने पर बच्चे को फेल करने की धमकी भी दी जा रही

**केस 1**

### कॉल पर कहा दो विषयों में फेल है

खमतराई निवासी एक पालक के मोबाइल पर कॉल आया और ठग ने कहा कि आपके बच्चे कक्षा 10वीं की परीक्षा में दो विषयों में फेल हैं। पास कराना चाहते हैं, तो पांच से 10 हजार रुपए उनके द्वारा भेजे गए चंदन सिंह के नाम से इस बार कोड पर रुपए जमा करें। इसकी जानकारी पालक ने स्कूल के प्राचार्य को दी, तब उन्होंने इसे फ्राड कॉल बताकर ठग होने की जानकारी दी।

**केस 2**

### पास कराने के लिए रुपये देने होंगे

कोटा निवासी एक अभिभावक के बेटे के पास भी 10वीं में दो विषयों में फेल होने का झांसा देने वाला कॉल आया। उनके पास भी एक अनजान मोबाइल नंबर से आए, कॉल में कहा गया कि आपका बच्चा दो विषयों में फेल हो गया है। पास कराने के लिए रुपए देने होंगे।

### 90 फीसदी कापियों की जांच पूरी

दूसरी ओर दसवीं-बारहवीं परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन का काम तेजी से चल रहा है। महारानी लक्ष्मी बाई स्कूल सेंटर में 90 फीसदी तक जांच पूरी हो गई है। पहली खेप का वेल्युएशन पूरा हो गया है। 388 शिक्षकों ने दूसरे चरण की कापियों को जांचने का काम शुरू कर दिया है। पुरानी कॉपियों में केवल हिंदी व अंग्रेजी का मूल्यांकन शेष रह गया है। अब करीब 10 हजार कॉपियां ही बच गई हैं। मूल्यांकन का काम 14 अप्रैल तक हर साल में पूरा कर लिया जाएगा। इसके साथ ही कन्या शाला सरकंडा में 10 वीं के गणित विज्ञान का मूल्यांकन खत्म हो गया है। इसी तरह 12वीं के संस्कृत, फिजिक्स, केमिस्ट्री, संस्कृत की जांच शुरू की गई है। इस केंद्र में कुल 97247 उत्तरपुस्तिकाएं आई थीं। इनमें से 41226 बच गई है। 56021 कॉपियां जांच ली गई है। दोनों सेटरों में जांची गई उत्तरपुस्तिकाएं माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर भेज दी गई हैं।

### शिक्षा मंडल ने किया सचेत

फर्जी काल की शिकायत मिलने पर जिला शिक्षा विभाग और छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने पालकों को फर्जी कॉल से सचेत रहने और इसकी सूचना थाने में देने की अपील की है। सभी जिलों को भेजे गए पत्र में मंडल ने पुलिस से सहायता लेने की भी बात कही है। जिला शिक्षा अधिकारी अनिल तिवारी ने कहा है कि इस तरह के किसी भी काल पर अलर्ट रहने की जरूरत है। शिक्षा विभाग में शिकायत भी की जा सकती है।

## 10 आरओ प्लांट की योजना हुई थी पास

जिला अस्पताल




सिम्स परिसर



नेहरू चौक



# 3 साल पहले कंपनी भाग गई, निगम कर रहा था मरम्मत, 1 साल से बंद निगम का आरओ प्लांट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

राहगीर को एक रुपये में पीने का पानी भी नसीब नहीं हो रही है। करोड़ों रुपए खर्च कर बनाए गए प्लांट कंडम हो चुके हैं। कंपनी को वाटर प्लांट का मरम्मत करना था, लेकिन कंपनी का अनुबंध खत्म होते ही भाग खड़ी हुई है, जिसके बाद से एक के बाद एक प्लांट बंद हो चुके हैं। ऐसे में लोगों को भारी गर्मी में हलक तर करने के लिए भटकना पड़ रहा है।

राहगीरों और आम नागरिकों के लिए स्वच्छ पानी मुहैया कराने की मंशा से शासन और नगर निगम ने शहर के मुख्य मार्गों पर आरओ वाटर प्लांट की स्थापना की थी। करोड़ों रुपए खर्च कर इस वाटर प्लांट को तैयार किया गया था, लेकिन देखरेख के अभाव में प्लांट पूरी तरह खराब और जर्जर हो गया है। अब राह चलते राहगीरों को गले गीले नहीं होते। इसको लेकर निगम अधिकारियों का कहना है कि कंपनी को इसका मेंटेनेंस करना था, लेकिन अनुबंध समाप्त हो गया है और निगम कर्मी ही देखरेख करते हैं। नेहरू चौक के आरओ प्लांट में कभी-कभी पानी मिल भी जाता है, लेकिन बाकी 5 जगहों में लगाए गए प्लांट बंद पड़े हैं।



### जिला अस्पताल का हाल

जिला अस्पताल में नगर निगम ने अलग-अलग मद के राशि से प्लांट स्थापित किया था। अब यह भी खराब और बंद है। खास बात यह है कि परिसर के बाहर और अंदर दोनों जगह पर आरओ है, लेकिन किसी भी प्लांट में ठंडा पानी नही मिलता है।

### 7 साल पहले हुई योजना शुरू, अब बुरा हाल

7 साल पहले बिलासपुर शहर के चौराहों पर आम लोगों को स्वच्छ और ठंडा पानी पिलाने की मंशा से तत्कालीन नगर निगम आयुक्त ने प्रयास कर शासन से 10 आरो प्लांट की योजना पास कराई थी। इस योजना के तहत शासन स्तर पर टेंडर जारी किया गया था। दुर्ग की यूरो कंपनी ने शहर के विभिन्न चौक चौराहों पर आरओ प्लांट लगाने का ठेका लिया था। शहर के 6 स्थानों में आरओ प्लांट स्थापित भी किया गया। इसके शुरुआती दौर में लोगों ने फायदा भी लिया। इस योजना के तहत एक रुपए में 1 लीटर और 2 रुपये में साफ ठंडा पानी मिलता था। लॉकडाउन के दौरान इसका उपयोग होना बंद हो गया। इसलिए ही आरओ वाटर प्लांट बंद हो गया। लोग इसका उपयोग नहीं कर सके। इस वजह से बंद पड़े मशीनों में खराबी आ गई, फिर दोबारा इसे शुरू नहीं किया गया।

### 7 साल का था अनुबंध

शासन स्तर पर यूरो कंपनी को जब ठेका दिया गया था तब प्लांट के मेंटेनेंस के लिए 7 साल का अनुबंध भी किया गया था, लेकिन अनुबंध के दौरान ही ठेका कंपनी से ठेका शासन ने निरस्त कर दिया। शासन के ठेका निरस्त करने के बाद से कंपनी के कर्मचारी आरओ प्लांट का मेंटेनेंस करना बंद कर दिए। यही कारण है कि अब लाखों रुपए के आरओ प्लांट जर्जर और बेकार हो गए हैं। प्लांट न लोगों की प्यास बुझा रही है और ना इसका उद्देश्य सार्थक हो रहा है.

### जांच की जाएगी

नेहरू चौक के पास बने आरओ प्लांट चालू हालात में है, बाकी की जानकारी मांगनी पड़ेगी। सोमवार को जांच की जाएगी।

- **अनुपम तिवारी,** जल शाखा नगर निगम

# संडे को सूरज ने बरसाई आग, पारा 41 पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



रविवार की सुबह से तेज धूप निकलने से एकाएक तापमान उछल गया, लोगों के घरों में सुबह से एसी, कूलर चालू हो गए, रविवार का अवकाश होने के कारण घरों में रहने वाले तो ठंडी हवा में गर्मी से राहत पा गए, परन्तु घरों के बाहर निकलने वालों की हालत खराब हो गई। दोपहर तक तापमान 41 डिग्री पहुंच गया, इससे शहर की सड़कें सूनी सूनी नजर आती रहीं।

पिछले कुछ दिनों से मौसम के तेवर बदले हुए थे। आसमान पर घने बादल छाए रहने से गर्मी के साथ उमस तो परेशान कर रही थी, परन्तु तेज धूप नहीं निकल पा रही थी, जिससे तापमान नियंत्रित था। शनिवार की रात तक आसमान पर बादल छाए रहने से उमस ने सभी को बेचैन कर रखा था, परन्तु रविवार की सुबह से मौसम साफ हो गया और तेज धूप निकल आई। सुबह 10 बजे तक गर्म हवा चलने लगी, सुबह 11 बजे के बाद गर्मी बढ़ने से शहर की अधिकांश सड़कें सूनी नजर आने लगीं। दोपहर होते होते तो बाजार भी सूने हो गए। तापमान 41 डिग्री होने के बाद हीट वेव की आशंका मंडराने लगी है। रविवार को आसमान से बरसती तेज किरणों ने कल के मुकाबले सीधे दो डिग्री पारा बढ़ा दिया। मौसम विभाग का कहना है कि आगामी 3 दिनों तक मौसम में कोई परिवर्तन नही हो सकेगा, आने वाले दिनों में पश्चिम की ओर से गर्म हवाओं का आना शुरू हो जाएगा, जिससे तापमान और अधिक तेजी से बढ़ेगा।

» मौसम खुलते ही तेजी से उछला तापमान

» दोपहर में सूनी सूनी नजर आती रहीं शहर की सड़कें

» चालू हो गए एसी, कूलर लोग उमस से परेशान

### बंद हो रही बिजली

एक ओर तापमान तेजी से बढ़ता जा रहा है, दूसरी ओर शहर और आसपास के इलाके की बिजली



व्यवस्था अब भी सुधर नहीं सकी है। दोपहर से लेकर रात तक किसी भी समय बिजली बंद हो जाती है, जिससे लोगों को गर्मी में पसीना बहाना पड़ता है। रात में बिजली बंद होने पर शिकायत करने वालों की कोई सुनवाई नहीं होती है।

# प्यार के चक्कर में युवा व्यापारी गंवा बैठा कार सहित 23 लाख का सामान, मां-बेटी के खिलाफ जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** एक युवती के प्यार के चक्कर में युवा व्यापारी कार सहित 23 लाख का सामान गिफ्ट कर दिया। उसके बाद मां-बेटी शादी करने से इनकार कर झूठे बलात्कार के केस में फंसा देने की धमकी देने लगे। पुलिस ने मां-बेटी के खिलाफ अमानत में खयानत का मामला दर्ज कर लिया है।

चकरभाठा टीआई उत्तम साहू ने बताया, बोदरी निवासी कमल चंदानी पिता राजकुमार चंदानी 30 साल 2013 में चकरभाठा में मोबाइल दुकान चलाते थे। इस दौरान रिया जैसवानी उनकी दुकान में मोबाइल रिचार्ज कराने आती थी और दोनों के बीच मोबाइल में बातचीत होने लगी। 2021 में महिला रायपुर में जाकर रहने लगी। उसने कमल चंदानी को फोनकर बताई उसकी बेटी एनी जैसवानी डेंटल कालेज में पढ़ाई कर रही है उसे कुछ जरूरत होने पर मदद कर देने की बात कही। उसकी बेटी एनी जैसवानी कमल चंदानी को फोनकर जरूरी सामान मंगाने लगी और बातचीत के दौरान दोनों एक दूसरे को पसंद करने लगे। रिया जैसवानी ने युवक को फोनकर कहा पढ़ाई पूरी होने के बाद वह बेटी की शादी उससे करवा देगी। युवक उनके झांसे में आकर मां को सास व बेटी को पत्नी मानकर व्यवहार करने लगा। इसका फायदा उठाकर महिला ने आर्थिक स्थिति का हवाला देते कई प्रकार के सामान की मांग करने लगी। तीन साल के भीतर में मां बेटी ने उससे 23 लाख का सामान व नकद रकम ले लिया। युवती की पढ़ाई पूरी होने के बाद युवक ने शादी करने के लिए कहा तो मां बेटी के व्यवहार बदल गए और झूठे बलात्कार केस में फंसाने की धमकी देने लगे। उसके बाद युवक को ठगे जाने का अहसास हुआ। युवक ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर मां रिया जैसवानी, बेटी एनी जैसवानी के खिलाफ धारा 406, 506, 34 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### क्या-क्या लिया मां बेटी ने

मां-बेटी आर्थिक परेशानी बताते हुए युवक से नकद रकम, फोन पे के माध्यम से कई बार पैसा, मोबाइल, फ्रीज, लैपटाप, एसी, घड़ी, आलमारी, घरेलू बर्तन, सोने के गहने, कपड़ा, कापी पुस्तक, मां बेटी को उपयोग करने के लिए अपनी हुंडई एसेंट कार क्रमांक सीजी 10 व्ही, 0129 को गिफ्ट कर दिया। मां बेटी ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर उसकी कार को बेच दिया है।






# मानसी लाज से रपटा तक बनेगी 80 फीट सड़क

**शासन से मिली मंजूरी** 15 वें वित्त आयोग से 3 करोड़ 27 लाख की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहरवासियों को वसंत विहार चौक से सीधे शनिचरी रपटा तक चौड़ी सड़क की सौगात मिलने वाली है। शुक्रवार को राज्य शासन से इस सड़क के दूसरे चरण की स्वीकृति मिली। 3 करोड़ 27 लाख की लागत से मानसी लॉज से शनिचरी रपटा तक मार्ग का चौड़ीकरण कर 80 फीट बीटी सड़क का निर्माण किया जाएगा। इससे पूर्व प्रथम चरण के तहत वसंत विहार चौक से अपोलो मार्ग में मानसी लॉज तक की 80 लाख की स्वीकृति मिली थी,जिसके बाद अपोलो मार्ग से अतिक्रमण को हटाया गया था।

राज्य शासन ने नगर निगम बिलासपुर के प्रस्ताव को हरी झंडी देते हुए मानसी लॉज से शनिचरी रपटा तक के सड़क निर्माण को मंजूरी देते हुए 3 करोड़ 27 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान किया है। प्रशासकीय स्वीकृति मिलने के बाद नगर निगम आगे की कार्य योजना तैयार कर चौड़ीकरण और सड़क निर्माण करेगा।

निगम के मुताबिक चौड़ी सड़क के निर्माण से शहर की एक बड़ी ट्रैफिक समस्या का समाधान होगा, शहरवासियों को मोपका की ओर से शहर के बीचों बीच पहुंचने के लिए सीधी सड़क मिल जाएगी और जाम से मुक्ति भी। शहर के रिहायशी इलाकों के रहवासियों को भी आपातकालीन परिस्थिति में अपोलो अस्पताल पहुंचने में सुविधा होगी।




# LCIT PUBLIC SCHOOL
## NURSERY TO XII
Affiliated to CBSE



Near High Court, Raipur Road,
Bilaspur (C.G.)

9516606123

**ADMISSIONS OPEN**

- Artificial Intelligence (AI) for Classes VI onwards
- Subjects for Class XI

HUMANITIES · COMMERCE · BIOLOGY · MATHEMATICS

## LCIT Blooming Buds
**Play Group To Class - III**

**TRANSPORT FACILITY AVAILABLE**

**NO ADMISSION FEES**

- Air Cooled Classrooms
- Transport Facility
- Separate Hostels for Girls & Boys

Vaishali Nagar, Phase - II,
Srikant Verma Marg,
Bilaspur (C.G.) 495001

9516167123



ALL SPORTS & GAMES



SEPARATE HOSTELS FOR GIRLS & BOYS



TRANSPORT FACILITY



AIR COOLED CLASSROOMS

lcitps.edu.in · lcitpublicschool · LCIT PUBLIC SCHOOL

6- April --REGNOL-pg- 3 -COMMAN_Layout 1 4/6/2025 11:53 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### लोगों को कराया जाएगा तीर्थ दर्शन

**मुंगेली।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत वृद्धजन, विधवा और परित्यक्त हितग्राहियों को 23 से 26 अप्रैल तक पुरी, भुवनेश्वर एवं कोणार्क का दर्शन कराया जाएगा। इसके लिए हितग्राही अपने संबंधित नगर पालिका, जनपद पंचायत या नगर पंचायत में आवेदन कर सकते हैं। समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक ने बताया कि आवेदन के साथ आधार कार्ड, राशनकार्ड, ड्रायविंग लाइसेंस, मतदाता पहचान पत्र और राज्य शासन द्वारा स्वीकार्य कोई अन्य प्रमाण पत्र या अभिलेख में से किसी एक दस्तावेज की छायाप्रति तथा एक रंगीन पासपोर्ट फोटो जमा करना होगा।

### एसईसीएल गेवरा खदान के डोजर में लगी आग

**कोरबा।** एसईसीएल की गेवरा परियोजना में एक बार फिर लापरवाही भारी पड़ गई। बीते शनिवार की शाम लगभग 5:30 बजे खदान के भीतर कार्यरत डोजर नंबर 915 में अचानक आग लग गई। आगजनी के बाद डोजर ऑपरेटर ने किसी तरह डोजर से कूदकर अपनी जान बचाई।

## निधन

### शैलू गुप्ता



**बिलासपुर।** जूना बिलासपुर किलावार्ड निवासी शैलू गुप्ता पति स्व. अनंत कुमार गुप्ता का 6 अप्रैल को निधन हो गया। वे 67 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार दयालबंद मधुबन में किया गया। वे आरती गुप्ता, आशीष गुप्ता, आलोक गुप्ता की माता थीं।

### बदलू राम मौर्य



**बिलासपुर।** तोरवा धान मंडी के सामने रहने वाले बदलू राम मौर्य का 6 अप्रैल को निधन हो गया। वे 86 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार 7 अप्रैल को सुबह 11 बजे तोरवा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे चंद्रहास, चंद्रभान व अशोक मौर्य के पिता थे।

### रामसुंदर यादव



**बेलतरा।** ग्राम जाली निवासी 72 वर्षीय रामसुंदर यादव का रविवार 6 अप्रैल को सुबह निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम जाली में संपन्न हुआ। वे अहिल्या के पिता थे।

### तखतपुर नगर में हुई रामजी की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा

# राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में उमड़ी लोगों की भीड़



रविवार को तखतपुर में आयोजित राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल श्रद्धालु।

**तखतपुर।** नगर के लिए रामनवमीं का दिन बहुत ही खास है। भगवान श्रीराम के मंदिर की स्थापना से पूरा शहर प्रफुल्लित है। प्रभु श्री राम रामनवमीं के दिन प्राण-प्रतिष्ठा के साथ मंदिर में स्थापित हुए हैं। उक्त बातें पूर्व विधायक रश्मि सिंह ने नगर में सांस्कृतिक भवन के पास स्थित राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर कही।

रविवार को रामनवमीं के दिन तखतपुर में श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की गई, जिसमें आचार्य धनंजय मिश्रा ने पूजा-अर्चना कराई। श्रीराम और हनुमान जी की स्तुति के साथ मंदिर के पट खोले गए जिसे देखने के लिए पूरा शहर इकठ्ठा था। इस दौरान आशीष सिंह ठाकुर ने कहा कि आज का दिन नगर के लिए है, आज मैं नगरवासfयों को यह मंदिर सौंपता हूं। इस मंदिर का संचालन बनाई गई समिति के द्वारा किया जाएगा। नगरपालिका अध्यक्ष पूजा मक्कड़ ने रामनवमी पर मंदिर स्थापना की नगरवासियों को बधाई दी। कार्यक्रम को जितेंद्र पांडेय, आतमजीत सिंह मक्कड़, अनिल सिंह ठाकुर, बिहारी देवांगन, मुन्ना श्रीवास, कोमल सिंह ठाकुर ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन टेकचंद कारड़ा एवं आभार प्रदर्शन मुन्ना श्रीवास ने किया। इस अवसर पर परमीत सिंह बग्गा, गौरी अजय देवांगन, विवेक पांडेय, जुगलकिशोर पांडेय, चंद्रहास पांडेय, रोहन सिंह, अजय देवांगन, दिनेश पाण्डेय, विनोद तोलानी, जितेंद्र शुक्ला, नरेंद्र रात्रे, शिवेंद्र कौशिक, मुकीम अंसारी, गिरीश कश्यप, घनश्यम जांगड़े, शैलेंद्र निर्मलकर, राकेश मंदानी, चंद्रप्रकाश देवांगन, सुनील जांगड़े, रमन हूरा, लवली हूरा, बबलू गुप्ता, पूजा गुप्ता, रानी देवांगन, दिनेश देवांगन, राजेश बंजारे, अवधेश शुक्ला, अजय सिंह ठाकुर, यावेंद्र सिंह, राजू सिंह ठाकुर, मोंटू मिश्रा, हरीश राजपूत, योगेश गंधर्व, उमेश राजपूत, सूरज ठाकुर, दीप ठाकुर, आर्यन पाण्डेय, उपेंद्र खुराना, मनीष सोनी, राजकुमार शिवहरे, आयुष ठाकुर, आर्यन गुप्ता, राकेश कसार, लक्ष्मी गुप्ता, नवीन कारड़ा, बल्दाऊ गुप्ता, माधो देवांगन, नितिन सेंगर, सतीश कश्यप, केदार सिंह ठाकुर सहित अन्य उपस्थित रहे।

## जमीन विवाद पर युवक की हत्या, 7 आरोपी गिरफ्तार

**तखतपुर।** तखतपुर थाना क्षेत्र के ग्राम भीमपुरी में बीते 4 अप्रैल की रात हुए जमीनी विवाद ने खूनी संघर्ष का रूप ले लिया, जिसमें साधेलाल नवरंग की मौत हो गई। मामले में तखतपुर पुलिस ने 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें तीन नाबालिग भी शामिल हैं। वहीं प्रार्थी स्वारथ लाल नवरंग की रिपोर्ट पर थाना तखतपुर में धारा 296, 115(2), 351(2), 190, 191(2), 103(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम भीमपुरी स्थित आंगनबाड़ी भवन पर शशि नवरंग ने अवैध कब्जा कर रखा था। भवन से लगे घर में छेदी नवरंग निर्माण कार्य करवा रहा था, जिसके लिए उसने आंगनबाड़ी भवन के छज्जे को आंशिक रूप से तोड़ दिया। इसी बात को लेकर विवाद उत्पन्न हुआ, जो देखते ही देखते हिंसक हो गया। विवाद के दौरान सुरेश नवरंग 30 वर्ष, राजकुमार नवरंग 45 वर्ष, पवन नवरंग 24 वर्ष, विनोद नवरंग 21 वर्ष, शशि नवरंग और तीन नाबालिगों ने मिलकर प्रार्थी और उसके परिजनों से गाली-गलौच करते हुए लाठी-डंडों से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में बीच बचाव करने आए साधेलाल नवरंग को सिर में गंभीर चोट लगी एवं वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के लिए



गिरफ्तार आरोपी।

लोरमी से बिलासपुर ले जाते समय रास्ते में ही साधेलाल की मृत्यु हो गई। घटना की सूचना पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अर्चना झा एवं एसडीओपी कोटा नुपुर उपाध्याय के मार्गदर्शन में त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। वही आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त लाठी-डंडे भी बरामद किए गए हैं।

### विश्व हिंदू परिषद की पहल पर बिदबिदा में बंद हुई बलि प्रथा

**सरगांव।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के जिला संयोजक ब्रजेश शर्मा की पहल पर बिदबिदा ग्राम में जीवों की बलि प्रथा को बंद करने का निर्णय लिया गया। दरअसल ब्रजेश शर्मा ने पहल की थी कि जिले में जहां-जहां नवरात्रि में जवारा विसर्जन के दौरान बलि दी जाती है, वहां जीव बलि की जगह नींबू या नारियल की बलि दी जाए। इस अवसर पर चंद्रभान ध्रुव, सिद्धबाबा, भुनेश्वर ठाकुर, ब्रजेश शर्मा, अनिल कुमार राजपूत, विश्वनाथ राजपूत, ब्रह्मा राजपूत, कलेश, शिवचरण राजपूत मनहरण ठाकुर, पुरुषोत्तम, सुनील वर्मा, मथुराप्रसाद, जगत ठाकुर, कविलाल कौशिक, गोवर्धन राजपूत, गंगाप्रसाद,मानसिंग, होलीराम, आनंदराजपूत, शंभू राजपूत शांतिलाल, राजेश राजपूत, त्रिभुवन राजपूत प्रद्युम्नराजपूत, उमेश, रमाकांत, अश्वनी राजपूत रामलालित, कार्तिक राजपूत, रामनाथ राजपूत, रामनरेश, राम सकेगी राजपूत सुखनंदन कौशिक रामेश्वर राजपूत, सुनील ठाकुर बिकेश साहू भगवानसिंह व समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## भाजपा स्थापना दिवस पर केंद्रीय मंत्री ने किया ध्वजारोहण

**मुंगेली/लोरमी।** केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू आज भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित विविध कार्यक्रमों में शामिल हुए।

मुंगेली में आयोजित मुख्य स्थापना दिवस समारोह में भी वे सम्मिलित हुए, जहां छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर उन्होंने कार्यकर्ताओं को सम्मानित करते हुए कहा, ₹भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक संगठन नहीं,



बल्कि यह सेवा, समर्पण और राष्ट्रवाद का जीवंत उदाहरण है। 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' हमारी विचारधारा की मूल आत्मा है, जो हमें हर वर्ग और समाज को जोड़ने की प्रेरणा देती है।

### देश के संपूर्ण विकास के लिए संकल्पित है भाजपाः मरपच्ची

**गौरेला।** विश्व के सबसे बड़े राजनैतिक संगठन भारतीय जनता पार्टी का 46वां स्थापना दिवस भाजपा जिला कार्यालय गौरेला में मनाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मरवाही विधायक प्रणव मरपच्ची ने कहा की आज के दिन 6 अप्रेल 1980 को भाजपा की स्थापना हुई थी। आज करोड़ों कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम से भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी बन चुकी है। लगातार तीसरी बार केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार आम जनता, गांव, गरीब के जीवन स्तर को उपर उठाने एवं देश को सशक्त व संपूर्ण विकसित बनाने का काम कर रही है। कार्यक्रम को भाजपा किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष बृजलाल सिंह राठौर,



भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी बालकृष्ण अग्रवाल, बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं के जिला संयोजक मथुरा सोनी, जिला पंचायत सदस्य पवन पैकरा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन मीडिया के जिला सह प्रभारी तापस शर्मा ने एवं आभार प्रदर्शन जिला उपाध्यक्ष नीरज जैन ने किया।

### कार्यकर्ताओं ने कही पार्टी के सिद्धांतों पर चलने की बात

**तखतपुर।** भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस एवं रामनवमी पर्व पर कार्यक्रम आयोजित कर भारतीय जनता पार्टी के सिद्धांतों पर चलने की बात कही गई। कार्यक्रम प्रभारी दिनेश सिंह राजपूत, अशोक सिंह ठाकुर, बंशी पाड़े, कुमार साहू, प्रदीप कौशिक, केदार सिंह क्षत्रि सहित अन्य ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन नैन लाल साहू ,आभार प्रमोद सिंह ठाकुर ने किया। इस अवसर पर शिव देवांगन, माधो देवांगन, जय दुबे, मुनीराम, काशी देवांगन, किशन सचदेव, लव कुमार पांडे, आयुष ठाकुर श्याम, लक्ष्मी



पांडे, लता कश्यप, गुलजीत खुराना, किशन सचदेव, जगमोहन सिंह ठाकुर, मलाय जहानी उपस्थित रहे।

### भाजपा ग्रामीण मंडल ने मनाया स्थापना दिवस

**मुंगेली/कोदवाबानी।** भाजपा के स्थापना दिवस पर ग्रामीण मण्डल के अध्यक्ष राजीव श्रीवास एवं पूर्व मण्डल अध्यक्ष शंकर सिंह ठाकुर और सह संयोजक अरविन्द सिंह राजपूत समेत पार्टी के नेताओं ने देशवासियों को बधाई दी है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष राजीव श्रीवास, महिला मोर्चा जिला कोषाध्यक्ष अनामिका श्रीवास, रुक्मणी श्रीवास, पंच श्रीमती झूल ध्रुव, अनीता श्रीवास, चंदकली ध्रुव, श्याम बाई निसाद, सरिता ध्रुव, राही बाई निर्मलकर, सत ध्रुव, इतवारा बाई, कृष्णा बाई, भावेस श्रीवास, रोहित यादव पंच, हीरा ठाकुर, डॉ. कमल नारायण,



संस्कार, तुषार, जागेश्वर श्रीवास, शिव निसाद, बबलू ठाकुर, अदालत यादव, गंगा साहू सहित अन्य कार्यकर्ता बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता एवं युवा कार्यकर्ता शामिल हुए।



### भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी

**पथरिया।** विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओ ने एक बड़ी बैठक आयोजित कर पार्टी का 46वां स्थापना दिवस मनाया। बैठक को संबोधित करते हुए नगर पंचायत उपाध्यक्ष मनोज पांडेय ने कहा कि विश्व की सबसे बड़ी पार्टी का सदस्य होना हर कार्यकताओं को गौरान्वित करता है। नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष जसपाल सिंह छाबड़ा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं की पार्टी है, आज नगर से लेकर प्रदेश और देश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार हैं। समारोह में मुख्य रूप से नगर पंचायत उपाध्यक्ष मनोज पाण्डेय, भाजपा नेता भावेश गुप्ता, बलराम जायसवाल, महेंद्र गुप्ता, जसबीर सिंह छाबड़ा, गोपाल डड़सेना, पूर्व पार्षद ओमू दिवान, सुमित डड़सेना, शिव जायसवाल, बलदाऊ जायसवाल, रामशरण पटेल, विक्की साहू, विष्णु पटेल सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### धरमलाल ने अपने निवास में फहराया भाजपा का झंडा

**बोदरी।** पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व वर्तमान बिल्हा धरमलाल कौशिक ने भारतीय जनता पार्टी के 46वें स्थापना दिवस के पर परसदा स्थित अपने निवास पर पार्टी का झंडा फहराकर संगठन के प्रति अपनी अटूट निष्ठा और राष्ट्रसेवा के संकल्प को दोहराया। इस अवसर पर उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह ध्वज न केवल पार्टी की गौरवशाली यात्रा का प्रतीक है, बल्कि विचारों की दृढ़ता, कार्यकर्ताओं की तपस्या और राष्ट्र प्रथम की भावना से ओतप्रोत सेवा, सुशासन एवं अंत्योदय के संकल्प का भी प्रतीक है।






## रेत-गिट्टी का अवैध परिवहन करते छह वाहन जब्त


**मुंगेली।** जिले में खनिज विभाग के द्वारा खनिजों के अवैध परिवहन कड़ी कार्रवाई की जा रही है। जिसमें 6 वाहनों को खनिज रेत एवं गिट्टी का अवैध परिवहन करते हुए जब्त किया गया। जिसका ट्रैक्टर वाहन क्रमांक सीजी 10 एडी 8590 वाहन चालक देवराज प्रजापति एवं ट्रैक्टर वाहन क्रमांक सीजी 10 एजेड 9737 वाहन चालक भुजवल धुरी एवं ट्रैक्टर वाहन महिन्द्रा सोल्ड वाहन चालक अमन रात्रे जिसमें 03 वाहनों को थाना साकेत तहसील पथरिया जिला मुंगेली एवं ट्रैक्टर वाहन क्रमांक सीजी 28 जे 4801 में खनिज गिट्टी का अवैध परिवहन किया जा रहा था, जिसे जप्त कर थाना प्रभारी पथरिया की सुरक्षा में



रखी गई है एवं मुंगेली बायपास के पास खनिज रेत से भरा हाईवा क्रमांक सीजी 22 एएफ 4488 एवं खनिज गिट्टी से भरा हाईवा क्रमांक सीजी 28 पी 9730 अवैध परिवहन करते हुए जप्त कर थाना प्रभारी रक्षित केन्द्र मुंगेली की सुरक्षा मे रखी गयी है, जिसमें नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## परसाही में अखंड नवधा रामायण 9 से, आकर्षक टोलियां देंगी प्रस्तुति

**सीपत।** क्षेत्र के ग्राम परसाही धनियां में 9 अप्रैल से मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की अमृत रूपी कथा का शुभारंभ होगा। इस कथा में दूर-सुदूर ग्रामों के हिंदू मानस प्रेमी अपने अपने गायन, वादन, प्रवचन का बखान कर प्रभु श्रीराम जी की कथा का गुणगान करेंगे। आयोजन में कई आकर्षक टोलियां अपनी प्रस्तुति से श्रोताओं को भावविभोर करेंगे। 9 अप्रैल बुधवार को कलश यात्रा के साथ कथा का शुभारंभ एवं 19 अप्रैल को चढ़ौती सहस्त्रधारा ब्राम्हण भोज के साथ आयोजन का समापन होगा। आयोजन के मुख्य आचार्य कथा व्यास पंडित व्यासनारायण मिश्रा एवं पुजारी पंडित ईश्वर गिरी गोस्वामी होंगे। 18 अप्रैल को गायन प्रतियोगिता का



आयोजन भी रखा गया है, जिसमें प्रथम पुरस्कार 7 हजार रुपए , द्वितीय पुरस्कार 5 हजार 1 व तृतीय पुरस्कार 3 हजार एक सौ रुपए के साथ सांत्वना पुरस्कार भी रखा गया है। इसमें समिति का निर्णय सर्वमान्य होगा। आयोजन समिति की ओर से आयोजन के लिए अधिक से अधिक टोलियों को आमंत्रित किया गया है।



## खबर संक्षेप

### परेशान महिला को सुरक्षित घर भेजा सिविल डिफेंस ने



**बिलासपुर।** जोनल रेलवे स्टेशन बिलासपुर में शुक्रवार को एक महिला कई घंटे से रोते हुए बैठी थी, जो घरेलू कलह और पारिवारिक तनाव के चलते मानसिक रूप से बेहतर व्यथित अवस्था में थी। स्टेशन परिसर में तैनात सिविल डिफेंस स्टाफ ने सतर्कता एवं मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए तत्काल महिला की स्थिति को गंभीरता से लेकर संपर्क किया। सिविल डिफेंस की महिला स्टाफ ने धैर्यपूर्वक रोती हुई महिला से बात कर उसकी काउंसलिंग कर मानसिक स्थिति को समझा और आवश्यक सहयोग प्रदान किया। जानकारी मिली कि महिला पारिवारिक समस्या से पीड़ित होकर घर से बाहर निकल आई थी। सिविल डिफेंस ने परिजन से संपर्क कर स्थिति की जानकारी दी। परिवार की सहमति के उपरांत महिला को सुरक्षित रूप से घर भेजने की समुचित व्यवस्था की गई।

### प्रयाग ने नवोदय प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण की

**बिलासपुर।** शासकीय प्राथमिक शाला सेमरी संकुल केंद्र भरारी विकासखंड बिल्हा के छात्र प्रयाग प्रभाकर ने जवाहर नवोदय प्रवेश परीक्षा 2025 उत्तीर्ण कर इतिहास रच दिया है। ज्ञात हो कि संकुल शैक्षिक समन्वयक संजय यादव के मार्गदर्शन में इस वर्ष शाला के प्रधान पाठक संतोष साहू ने नवोदय परीक्षा के लिए शाला में ही शाला समय पश्चात शाम 4 बजे से 5 बजे तक निशुल्क कोचिंग प्रारंभ की थी, जिसमें शाला के सहायक शिक्षक विष्णु प्रसाद सूर्यवंशी तथा प्रधान पाठक संतोष साहू ने 4 बच्चों को प्रवेश परीक्षा के लिए कोचिंग दे रहे थे। कोचिंग के प्रथम वर्ष में ही शाला के एक छात्र प्रयाग प्रभाकर पिता संदीप प्रभाकर ने परीक्षा पास कर इतिहास रच दिया। इस विशिष्ट उपलब्धि पर शाला एवं ग्राम सेमरी गौरान्वित है। इस कार्य में शाला के अन्य शिक्षकों का भी सहयोग रहा।



### संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा व कलश यात्रा 11 से

**बिलासपुर।** बिल्हा परसदा (भ) में 11 अप्रैल से 19 अप्रैल तक संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। उक्त आयोजन समस्त ग्रामवासी वासियों के द्वारा किया जा रहा है। जिसमें कथा वाचक पं. चंद्रशेखर महाराज के मुखारविंद उक्त संपूर्ण महापुराण कथा का वाचन दोपहर 3 बजे से किया जाएगा। कथा का शुभारंभ 11 अप्रैल को कलश यात्रा, देव स्थापना, गोकर्ण कथा के साथ होगी। इसी तरह 12 अप्रैल को कथा प्रारंभ, शुक आगमन, वाराह अवतार, 13 अप्रैल को देवहुति-कपिल संवाद,सती चरित्र वर्णन, 14 अप्रैल को अजामिल वर्णन, नृसिंह एवं प्रह्लाद चरित्र, 15 अप्रैल को समुद्र मंथन, वामनावतार, कृष्ण जन्मोत्सव मनाया जाएगा। इसी तरह 16 अप्रैल को बाल लीला, माखन चोरी, गोवर्धन पूजा होगी। 17 अप्रैल को महारास लीला,कंस वध, रुक्मिणी विवाह, 18 अप्रैल को सुदामा चरित्र, गुरु महिमा, परमधाम वर्णन, परिक्षित मोक्ष, चढ़ोत्तरी, 19 अप्रैल को गीता, तुलसी वर्षा, हवन, सहस्त्रधारा, चिकट, ब्रम्हभोज, विसर्जन किया जाएगा। आचार्य परायण कर्ता पं. मुकेश शास्त्री कोरबा और मुख्य यजमान रणजीत निर्मलकर, रामफुल निर्मलकर, जितेन्द्र निर्णेजक, श्वेता निर्णेजक, सनत यादव, संतोषी यादव, कमला जितेन्द्र निर्णेजक, गोलू सरपंच ग्राम पंचायत परसदा भ डॉ प्रदीप निर्णेजक, स्वाति निर्णेजक, जितेन्द्र निर्णेजक, श्वेता निर्णेजक, टुकेश्वर निर्णेजक, ज्योति निर्णेजक आदि तैयारी में जुटे हैं।



### 30 रेलकर्मियों को दी गई सेवानिवृत्ति पर विदाई

**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के विभिन्न विभागों में कार्यरत उपमुख्य परिचालन प्रबंधक गतिशक्ति यूनिट सहित 30 रेल कर्मचारियों को सेवानिवृत्त पर विदाई दी गई। इस अवसर पर मंडल कार्मिक अधिकारी रूहीना तुफैल खान ने सेवानिवृत्त हो रहे अधिकारी व कर्मचारियों को बंदोबस्त भुगतान से संबंधित समस्त दस्तावेज, सेवा प्रशस्ति प्रमाण पत्र एवं सेवा मैडल आदि प्रदान किया गया। इसमें आठ परिचालन विभाग से, 6 इंजीनियरिंग विभाग से, 5 विद्युत विभाग से, दो यांत्रिक विभाग से, दो मेडिकल विभाग से, दो कार्मिक विभाग से, दो सिग्नल एवं दूरसंचार से, दो वाणिज्य विभाग से तथा एक कर्मचारी सुरक्षा विभाग से सेवानिवृत्त हुए हैं।

### एसईसीआर मजदूर संघ ने की कर्मचारियों के प्रमोशन की मांग

**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मजदूर संघ ने डीआरएम कार्यालय के बाहर गेट मीटिंग कर डीआरएम और महाप्रबंधक के माध्यम से बीकानेर में पारित हुए प्रस्तावों को रेल मंत्री के नाम से ज्ञापन सौंपा। मजदूर संघ की ओर से दिए गए ज्ञापन में शामिल मांगों में कर्मचारियों के प्रमोशन, ट्रैक मेंटेनर को सायकल भत्ता मिलने और कर्मचारियों की पेट्रोलिंग बीट 16 से 12 किलोमीटर करने, शहडोल जिले को ट्राइबर घोषित करने, कोरबा, ब्रजराजनगर में सहायक लोको पायलट के 60000 किलोमीटर पूरी न होने की समस्या, एचआरएमएस द्वारा स्थानांतरण अप्लाई न करना, बिलासपुर यार्ड, वाशिंग पिट, प्रकाश की समुचित व्यवस्था करने सहित अन्य मांग शामिल है। इस दौरान दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मजदूर संघ के महामंत्री एवं भारतीय रेल मजदूर संघ के महामंत्री संतोष कुमार पटेल, मंडल सचिव प्रोम्पी सिंह सहित अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

### रैली निकालकर पीएम के नाम पंचायत सचिव सौंपेंगे ज्ञापन

**बिलासपुर।** पंचायत सचिवों का अनिश्चितकालीन हड़ताल लंबा खींचते जा रहा है। 7 अप्रैल को जिला स्तर पर रैली निकाल कर प्रधानमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौपेंगे। 8 अप्रैल को जनपद स्तर पर नगाड़ा बजाकर विरोध किया जाएगा। 9 अप्रैल को जनपद स्तर पर रामायण गान किया जाएगा। 10 अप्रैल को जनपदों में पंडाल लगाकर हड़ताल और महावीर जयंती मनाया जाएगा। 11 अप्रैल को क्रमिक भूख हड़ताल तथा 12 अप्रैल को सरकार को सदबुद्धि देने के लिए हनुमान चालीसा पाठ। इसी तरह 20 अप्रैल को पंचायत सचिव जंतर मंतर मैदान दिल्ली में हड़ताल करेंगे। पंचायत चुनाव के बाद ग्राम पंचायतों में जैसे ही नए पंच-सरपंचों ने पदभार संभाला है तब से पंचायत सचिव अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। ऐसे में नए पंच-सरपंच पदभार लेने के बाद अपना काम ही शुरू नहीं कर पा रहे हैं।

---

**फिट इंडिया मिशन** — संडे आन सायकल फिटनेस का डोज आधा घंटा रोज की थीम पर निकाली गई साइकिल रैली

# बीमारी से बचने करें नियमित व्यायाम और स्वास्थ्य को बेहतर बनाएं : एसएसपी

**बिलासपुर।** जिला पुलिस द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के मार्गदर्शन में पुलिस ग्राउंड से स्वास्थ्य जागरूकता साइकिल रैली निकाली गई। यह रैली फिट इंडिया मिशन के तहत संडे आन सायकल "फिटनेस का डोज आधा घंटा रोज" की थीम पर निकली गई। इसमें जिला बल, सीएएफ व नगर सेना के अधिकारी कर्मचारी सम्मिलित हुए। केंद्र सरकार द्वारा निर्देशित अभियान में खेलो इंडिया योजना के फिट इंडिया पहल के तहत और फिटनेस को हमारी दिनचर्या में शामिल करने के उद्देश से केंद्रीय युवा मामले एवं खेल तथा श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के अभियान के तहत

फिट इंडिया मिशन के तहत द संडे आन सायकल फिटनेस का डोज आधा घंटा रोज की थीम पर अपनी फिटनेस को बेहतर करने और



एक्सरसाइज /साइकिलिंग को दिनचर्या में शामिल करने जिला पुलिस वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के मार्गदर्शन में 6 अप्रैल को पुलिस ग्राउंड से स्वास्थ्य जागरूकता के लिए साइकिल रैली निकाली गई। पुलिस बल, सशस्त्र बल दूसरी वाहनी सकरी और नगरसेना के अधिकारी कर्मचारी द्वारा साइकिल रैली निकाली गई। पुलिस विभाग द्वारा अधिकारी कर्मचारी के साथ साथ सभी लोग अपनी बेहतर स्वास्थ बनाए रखने प्रतिदिन कम से कम 30 मिनट अपने शारीरिक व्यायाम के लिए समय निकाले।

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रामगोपाल करियारे, उप पुलिस अधीक्षक रोशन आहूजा, दूसरी वाहिनी सहायक सेनानी हरिलाल ध्रुव एवं रक्षित निरीक्षक भूपेन्द्र कुमार गुप्ता व अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। उक्त मिशन के दौरान लगभग 200 से अधिक अधिकारी, कर्मचारियों एवं नागरिक उपस्थित हुए। रैली के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन किया गया। जिससे सभी को डिजिटल प्रमाण प्राप्त हुआ।

### साइकिलिंग, रनिंग, वॉकिंग अपनी दिनचर्या में शामिल करें

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह ने संबोधित करते हुए फोर्स के जवान, नागरिक संगठनों के सदस्यों और आम नागरिकों से अपील किया कि अपने पसंद से साइक्लनिग, रनिंग, वॉकिंग या अन्य गतिविधियों को अपने दिनचर्या में शामिल कर ओवरइटिंग से बचे, ताकि पाचन संबंधी समस्या से दूर अधिकतर स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं पेट की समस्याओं से शुरू होती है। इन सभी बीमारी से बचाव के लिए नियमित व्यायाम करें और अपने स्वास्थ्य को बेहतर बनाये रखें। रैली पुलिस ग्राउंड से शुरू होकर अग्रसेन चौक सीएमडी चौक, पुराना बस स्टैंड, तेलीपारा रोड, कोतवाली, गोलबाजार, अंबेडकर चौक होते हुए पुलिस ग्राउण्ड में समापन किया गया।



---

भाजपा का झंडा फहराकर मनाया पार्टी का स्थापना दिवस

# भाजपा देश को शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर स्थापित करने कृत संकल्पित : तोखन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

भाजपा एक राष्ट्रवादी राजनीतिक दल है जो भारत को एक सुदृढ़, समृद्ध एवं शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर स्थापित करने के लिए कृत संकल्पित है। देश में विकास आधारित राजनीति की नींव भी भाजपा ने विभिन्न राज्यों में सत्ता में आने के बाद तथा पूरे देश में भाजपा नीत राजग शासन के दौरान रखी।

यह बातें केन्द्रीय राज्य मंत्री व सांसद तोखन साहू ने रविवार को भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर भाजपा कार्यालय में कही। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का शाल, श्रीफल एवं पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया।

सांसद तोखन साहू ने राम नवमी एवं पार्टी के स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा कि भारत को एक समर्थ राष्ट्र बनाने के लक्ष्य के साथ भाजपा का गठन 6 अप्रैल 1980 को दिल्ली के कोटला मैदान में आयोजित एक कार्यकर्ता अधिवेशन में किया गया, जिसके प्रथम अध्यक्ष अटल बिहारी वाजपेयी बने। श्री साहू ने कहा कि देश में विकास आधारित राजनीति की नींव भी भाजपा ने विभिन्न राज्यों में सत्ता में आने के बाद तथा पूरे देश में भाजपा नीत राजग शासन के दौरान रखी। आज तीन दशक बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में किसी एक पार्टी को देश की जनता ने पूर्ण बहुमत दिया है तथा भारी बहुमत से भाजपा सरकार केन्द्र में विद्यमान है। राम हमारी आस्था है, राम मंदिर का निर्माण किसी अन्य दल ने नहीं किया उपेक्षित रखा। मोदी ने इसको यथार्थ रूप दिया और मंदिर का भव्य निर्माण कराया। धारा 370 समाप्त हुई है। इस अवसर पर बिलासपुर ग्रामीण जिलाध्यक्ष मोहित जायसवाल, महापौर श्रीमती पूजा विधानी, पूर्व महापौर किशोर राय ने भी संबोधित किया।







### इनकी रही उपस्थिति

पार्टी के स्थापना दिवस में वरिष्ठ भाजपा नेता नारायण तावड़कर, चंद्रभूषण शुक्ला, किशोर शुक्ला, इतवारी साहू, मोहन लाल श्रीवास, मेलूराम देवांगन का शाल श्रीफल भेंट कर पुष्पमाला से सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन बिलासपुर शहर जिलाध्यक्ष दीपक सिंह ठाकुर ने किया। इस मौके पर पूर्व विधायक डॉ.कृष्णमूर्ति बांधी, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, गुलशन ऋषि, अमरजीत सिंह दुआ, अरूण चौहान, वाणी राव, राजेश सिंह, नैन सिंह परिहार, डॉ.सुनील जायसवाल, अवधेश अग्रवाल, एस कुमार मनहर, अनुज टंडन, कृष्ण कुमार कौशिक, निखिल केशरवानी, चंद्रप्रकाश सूर्या, लखन पैकरा, बबलू कश्यप, देवेन्द्र पाठक, मनोज सोनी, रवि मेहर, रमेश लालवानी, संध्या चौधरी, विजय ताम्रकार, प्रकाश यादव, रंगा नादम, राकेश तिवारी, संदीप दास, सतीश गुप्ता, चंद्रप्रकाश मिश्रा, जुगल अग्रवाल, पल्लव धर, केशरी इंगोले, निरजा सिन्हा, प्रदीप शुक्ला, हरि गुरूंग, अमित तिवारी, नीतिन पटेल, महर्षि बाजपेयी, आशीष तिवारी, नीतिन छाबड़ा, मोनू रजक, श्यामसुंदर तिवारी, अनिल सिंह, गोपाल यादव, अमरदीप बोलर, चौहान, शंकर अहीरवार, महाबली कोशले, कृष्णा रजक, सुरेश वाधवानी, लालजी यादव, लक्ष्मीकांत शास्त्री, इंशु गुप्ता, सिकंदर खान, अभिशेष राज, मोनू बाजपेयी, रूपेश यादव, राजेश रजक, संतोष ठाकुर, स्मिता नामदेव, शुभम तिवारी, मनीष कुमार कश्यप आदि उपस्थित रहे।

---

टेलरिंग शेड व आजीविका केंद्र का काम जोरों पर

# बस स्टैंड में 15 मई तक यात्री सुविधाओं के सभी कार्य होंगे पूरे



**बिलासपुर।** कलेक्टर अवनीश शरण ने शुक्रवार को नगर निगम क्षेत्र के लिंगियाडीह अस्पताल एवं तिफरा बस स्टैंड का दौरा कर यात्री सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने तिफरा बस स्टैंड में मरम्मत एवं सौंदर्यीकरण के शेष कार्य 15 मई तक पूर्ण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने छठ घाट के समीप शहर की गरीब महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए बनाए जा रहे टेलरिंग शेड एवं आजीविका केन्द्र का भी अवलोकन किया। डीएमएफटी के तहत लगभग 4.68 करोड़ की लागत से इन दोनों संरचनाओं का निर्माण किया जा रहा है। एक बार में लगभग 500 शहरी गरीब महिलाओं को यहां आजीविका संबंधी विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण दिए जा सकेंगे। नगर निगम आयुक्त अमित कुमार भी इस अवसर पर उपस्थित थे। कलेक्टर श्री शरण ने निगम क्षेत्र के लिंगियाडीह प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया। डीएमएफ मद के अंतर्गत अस्पताल में लेबर रूम, अतिरिक्त वार्ड सहित पुराने भवन को जोड़ते हुए एलिवेशन कार्य स्वीकृत किया गया है। कलेक्टर ने पूरी गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एनक्यूएएस की मानकों के अनुरूप अस्पताल प्रबंधन अपनी सेवाओं को उच्च स्तर का बनाए। उन्होंने छठ घाट की समीप बन रहे टेलरिंग शेड एवं शहरी महिला आजीविका केन्द्र तोरवा का निरीक्षण किया। कार्य लगभग पूर्णता की ओर है। चार खंड में लगभग 500 महिलाओं के आजीविका प्रशिक्षण सुविधा के लिए ये भवन बनाए जा रहे हैं।

■ कलेक्टर ने अस्पताल, बस स्टैंड और महिला आजीविका केंद्र का किया निरीक्षण

---

# जीडीसी की छात्राओं ने जाना रिव्यु पेपर या प्रोजेक्ट लिखना





**बिलासपुर।** शासकीय बिलासा कन्या महाविद्यालय के एमएससी भौतिक शास्त्र की छात्राओं के लिए अथिति व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमे वक्ता ने रिव्यु पेपर या प्रोजेक्ट कैसे लिखें पर आधारित था। उन्होंने छात्राओं को रिव्यु आर्टिकल लिखने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने बताया की सबसे पहले एक उचित विषय को चुने जो आपके इंटरेस्ट का हो, फिर इस विषय में जितने भी पेपर पूर्व में प्रकाशित हुए हैं उनका अध्ययन करें। उनका उपयोग करते हुए अपने दृष्टिकोण को भी सम्मिलित करते हुए एक निष्कर्ष निकालें। उन्होंने कहा ऐसे लेखों के लिए प्रायोगिक कार्य करने की बाध्यता नहीं होती। उन्हें सैधानतिक, तुलनात्मक, पूर्व प्रकाशन के आधार पर प्रकाशित किया जा सकता है। जो छात्राओं को रिसर्च के प्रति उत्सुकता, विषय का विशेष ज्ञान प्राप्ति में वृद्धि करता है। छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रश्न जिसमे महत्वपूर्ण किसी रिव्यू पेपर कि लिए टॉपिक का चयन कैसे करें, लिटरेचर सर्वे को कैसे अच्छे से किया जाता है रिफरेन्स कैसे लिखते हैं इत्यादि। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एस आर कमलेश ने कहा की रिसर्च आज के समय में छात्राओं के लिए अति आवश्यक है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भी इस पर जोर दिया गया है। यह लेक्चर निश्चित ही छात्राओं के लिए मिल का पत्थर साबित होगा। विभागाध्यक्ष डॉ मंजू बनर्जी तथा कार्यक्रम के संचालक डॉ कमलेश ठक्कर ने डॉ शर्मा का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# यूजीसी की स्वशासी सूची में विप्र कालेज का नाम शामिल

**बिलासपुर।** डीपी विप्र कालेज के आटोनामस को लेकर विवाद के बीच यूजीसी की स्वशासी संस्थानों की सूची सामने आई है। यूजीसी नई दिल्ली द्वारा अपने वेबसाईट में भारत के समस्त स्वशासी कालेजों की सूची जारी की गई है, जिसमें 246 नंबर पर डीपी विप्र कालेज बिलासपुर का नाम दर्ज किया गया है।

इधर अटल यूनिवर्सिटी से आटोनामस के एनओसी को लेकर विवादों के बीच यूजीसी की सूची आने के बाद डीपी कालेज प्रबंधन को थोड़ी राहत महसूस हुई है। डीपी विप्र कालेज ने आटोनामस कालेज का दर्जा देने आवेदन किया था, जिस पर यूजीसी ने 1 जनवरी 2023 को डीपी विप्र कालेज को आटोनामस घोषित कर दिया है। वत्र 2024-25 से 2033-34 तक दस वर्षो के लिए स्वशासी कालेज की मान्यता देते हुए स्वशासी घोषित किया गया है, लेकिन अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी आटोनामस के संबंध में अधिसूचना जारी नहीं किया गया है। इससे आटोनामस का दर्जा विवाद में पड़ गया है और मामला न्यायालय तक पहुंच गया है। कालेज प्रबंधन से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज यूजीसी नई दिल्ली द्वारा अपने स्वशासी पोर्टल के स्वशासी कालेजों की सूची में 246 नंबर पर डीपी विप्र कालेज का नाम शामिल किया गया है। दूसरी तरफ डीपी कालेज ने यूनिवर्सिटी द्वारा अधिसूचित किए बिना ही स्वयं को आटोनामस घोषित करते हुए हाल ही में सेमेस्टर एग्जाम भी आयोजित किया गया था और एग्जाम के बाद मूल्यांकन पश्चात परिणाम की घोषणा भी की गई है। वहीं यूनिवर्सिटी ने डीपी कालेज के कापियों का मूल्यांकन करने वाले मूल्यांकनकर्ताओं को प्रतिबंधित किए जाने की चेतावनी भी दी थी। इधर कालेज में पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं भी आटोनामस को लेकर असमंजस की स्थिति में है। छात्र संगठनों ने भी प्रदर्शन कर आटोनामस की स्थिति स्पष्ट करने की मांग की थी।

---

ट्रेनों के दुर्घटना से रेलवे को हो रहा नुकसान

# रेलवे ट्रैक पर हादसे रोकने काम करेंगी तीन टीम

**बिलासपुर।** रेलवे में लगातार हो रही मालगाड़ियों की दुर्घटना के कारण रेल प्रशासन को करोड़ों अरबों का नुकसान उठाना पड़ रहा है। आगामी दिनों में रेलवे ट्रैक पर होने वाले हादसों को रोकने के लिए अब तीन विभागों की टीम काम करेगी, जिसमें किसी तरह की दुर्घटना पर तीनों विभाग को ही जिम्मेदार ठहराया जाएगा।

पूरे रेलवे में दूसरे जोन और डिवीजन के साथ दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन के तीनों डिवीजन बिलासपुर, रायपुर और नागपुर में भी प्रतिवर्ष किसी न किसी तरह के रेलवे ट्रैक पर हादसे होते हैं। इसमें सबसे अधिक घटनाएं रेलवे ट्रैक से मालगाड़ियों के उतरने के हैं। बिलासपुर जोन और डिवीजन में सबसे अधिक मालगाड़ियों का परिचालन होता है, जिसमें ज्यादातर कोयले की लोडिंग की जाती है। कुछ माह पहले ही बिलासपुर डिवीजन के खोंगसरा से भनवारटंक के बीच रेलवे ट्रैक पर मालगाड़ी के एक साथ 27 वैगन बेपटरी हो गए थे। अब मालगाड़ियों की लोडिंग प्रक्रिया पर मैकेनिकल, कामर्शियल और इंजीनियरिंग विभाग की संयुक्त टीम निगरानी और निरीक्षण करेगी। किसी भी प्रकार की लापरवाही या दुर्घटना की स्थिति में इन टीमों की जवाबदेही तय होगी। रेलवे बोर्ड के संयुक्त निदेशक अतुल कुमार ने सभी जोन के मुख्य वाणिज्य प्रबंधक सीसीएम को निर्देश दिया है कि वे अपने-अपने मंडलों में तीन सदस्यीय टीम का गठन करें। इस टीम में मैकेनिकल, कामर्शियल और इंजीनियरिंग विभाग के अधिकारी-कर्मचारी शामिल होंगे।

---

# ईस्ट जोन के सभी वर्गों में शामिल हुई 100 महिला खिलाड़ी



**बिलासपुर।** सेकेरसा में आयोजित ईस्ट जोन क्रिकेट के सभी वर्गों के ट्रायल में 100 से अधिक महिला खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। रविवार को प्रदेश क्रिकेट संघ के तत्वावधान में बिलासपुर क्रिकेट संघ की ओर से महिलाओं के सभी वर्गों का ट्रायल रेलवे के सेकेरसा मैदान में आयोजित किया गया। इसमें सलेक्टर छग स्टेट क्रिकेट संघ के चयनकर्ता तरूणेश परिहार और विकास अग्रवाल मौजूद थे।

इस दौरान महिला अंडर 15, महिला अंडर 19, महिला अंडर 23 और सीनियर महिला का ट्रायल लिया गया। सभी वर्गों को मिलाकर 100 खिलाड़ियों ने भाग लिया। चयनकर्ताओं ने सर्वप्रथम अंडर 15 का ट्रायल लेने के बाद अंडर 19, अंडर 23 और अंत में सीनियर वर्ग ट्रायल लेकर फिजिकल फिटनेस, फील्डिंग, गेंदबाजी और बल्लेबाजी को परखा। सभी वर्गों में खिलाड़ियों का चयन कर सलेक्शन मैच कराया जाएगा उसके बाद फिर छत्तीसगढ़ स्टेट के महिला टीम बनाया जाएगा। ट्रायल क्रिकेट संघ बिलासपुर के अध्यक्ष नवीन जाजोदिया, सचिव विंटेश अग्रवाल, आलोक श्रीवास्तव, आशीष शुक्ला, ओपी यादव आदि मौजूद थे।

### बास्केटबाल प्रशिक्षण शुरू

ग्रीष्मकालीन बास्केटबाल शिविर का विधिवत शुभारंभ छत्तीसगढ़ स्कूल के नवनिर्मित मैदान में किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ स्कूल के पूर्व क्रीड़ा अधिकारी डी प्रताप, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के क्रीड़ा सचिव ए एक्का, छत्तीसगढ़ बास्केटबॉल के सचिव अमित मंडल एवं छत्तीसगढ़ बास्केटबॉल संघ के वरिष्ठ सदस्य व भारतीय रेलवे बास्केटबॉल टीम के ट्रेनर ई जैकब उपस्थित थे। शिविर की शुरुआत के साथ ग्रीन ए एवं ग्रीन बी के मध्य एक मैत्री मैच का भी आयोजन किया गया, जिसमें ग्रीन इलेवन ने 50-45 से जीत दर्ज किया। इस दौरान प्रवीण बिसेन, धीरेन्द्र सिंह, प्रीतम दास, प्रदीप वर्मा, सुनील राठौर, डेमन साहू, प्रदीप साहू, अख्तर खान, देवेंद्र भोंसले, अजय यादव, विकास काकडे, विमल रॉय, योगेश साहू, आतिश पारीख, प्रदीप यादव, संतोष यादव, दिनेश सूर्यवंशी, निलेश श्रीवास, महेंद्र यादव, रूपेंद्र सिंह ठाकुर गोलू, उत्तम साह, शेख तौसीफ, आदित्य कश्यप, अमित यादव, रवि पारीक, हर्षवर्धन सिंह, शैलेश मिश्रा, स्वप्निल चुनेकर, भूपेंद्र पारचे, बिस्वास, अभिषेक पासवान आदि सदस्य मौजूद थे।

### अखिल भारतीय बास्केटबाल में चयनित हुए आतिश और ऋषभ





प्रथम अखिल भारतीय बास्केटबाल प्रतियोगिता लखनऊ में आयोजित की जा रही है, जिसमें बिलासपुर से पुलिस विभाग से प्रधान आरक्षक आतिश पारीक और आरक्षक ऋषभ हड़लकर का चयन छत्तीसगढ़ की पुलिस टीम में किया गया है। जिला बास्केटबाल संघ के वरिष्ठ कोच आनंद सिंह ने बताया कि यह प्रतियोगिता उत्तरप्रदेश लखनऊ में 7 से 11 अप्रैल तक आयोजित की जाएगी। इसके लिए छत्तीसगढ़ पुलिस की टीम में खिलाड़ियों का चयन किया गया है, जिसमें जिले से दो खिलाड़ी प्रधान आरक्षक आतिश पारीक और आरक्षक ऋषभ हड़लकर शामिल हैं। यह दोनों खिलाड़ी लखनऊ के लिए रवाना हो गए हैं। इस दौरान जिला बास्केटबाल संघ के डॉक्टर संतोष बाजपेयी, अमित मंडल, सुधीर राजपाल, अमित पिल्ले, ओमकार जायसवाल व अन्य पदाधिकारी भी मौजूद थे।

### यूथ नेशनल बास्केटबाल में अर्जुन और ट्विंकल का चयन

**बिलासपुर।** 40 वीं यूथ नेशनल बास्केटबाल प्रतियोगिता में शहर के खिलाड़ी अर्जुन और ट्विंकल का चयन किया गया है। प्रतियोगिता का आयोजन 9 से 16 अप्रैल तक पांडिचेरी में किया जाएगा। प्रतियोगिता के लिए बालक खिलाड़ियों का प्रशिक्षण कैंप राजनंदगांव साई सेंटर एवं बालिका खिलाड़ियों का प्रशिक्षण कैंप स्वर्गीय राजेश पटेल अकादमी भिलाई में आयोजित किया गया था। इस प्रशिक्षण कैंप में बालक एवं बालिका वर्ग में 16-16 खिलाड़ियों का प्रशिक्षण कैंप लगाया गया। चयनकर्ताओं ने अंतिम 12 खिलाड़ियों की सूची जारी की है, जिसमें छत्तीसगढ़ स्कूल बास्केटबॉल मैदान बिलासपुर के खिलाड़ी अर्जुन दोषी और ट्विंकल पाण्डेय को प्रशिक्षण कैंप में उनके शानदार प्रदर्शन के आधार पर छत्तीसगढ़ की बास्केटबॉल टीम में चयन किया गया है। इस सफलता का पूरा श्रेय दोनों खिलाड़ियों ने अपने अभिभावकों एवं कोच को दी है।

6- APR- BSP- P-5 ZIN_Layout 1 4/5/2025 6:54 AM Page 1

हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, सोमवार 7 अप्रैल 2025

भगवान राम के जन्मोत्सव पर पूरा शहर राममय हो गया। सबकी जुबां पर सिर्फ जय श्रीराम का जयघोष था। इस अवसर पर व्यंकटेश मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें अयोध्या के भगवान श्रीराम की जीवंत झांकी, राम दरबार व मातृ शक्तियों का शस्त्र प्रदर्शन आकर्षण का केन्द्र रहा। इस दौरान महिलाओं के पारंपरिक नृत्य ने भी समां बांधा। धुमाल की धुन पर भक्त थिरके नजर आए। जगह-जगह उत्साह का माहौल था। प्रभु श्रीराम का दर्शन करने हर कोई लालायित नजर आए।





















# रामजन्मोत्सव पर निकली भव्य शोभायात्रा

## जगह-जगह स्वागत, जीवंत झांकी के साथ मातृशक्तियों ने किया शस्त्र प्रदर्शन

**बिलासपुर।** व्यंकटेश मंदिर के महंत डॉ. कौशलेंद्र प्रपन्नाचार्य के निर्देशन में इस शोभायात्रा का संचालन किया गया। इस शोभायात्रा में महिलाओं की भजन-मंडली व पारंपरिक नृत्य में भारतीय संस्कृति पूरी तरह समाहित हो गई थी। यह यात्रा शहर के मुख्य मार्गों से निकली, जिसका जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। प्रभू श्री राम का दर्शन करने हजारों भक्त मंदिर पहुंचे। नवरात्रि की नवमी पर ज्योत कलश विसर्जन के साथ माता को विदाई दी गई। भक्तों ने जगह-जगह भंडारे का आयोजन किया, जहां हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। कई समाजसेवी संस्थाओं ने इस मौके पर फल, कॉपी-किताब और अन्य सामग्री वितरित किया।

## चैत्र नवरात्र उत्सव एवं श्रीमद् देवी भागवत कथा का समापन



श्री पीतांबरा पीठ त्रिदेव मंदिर सुभाष चौक सरकंडा चैत्र नवरात्र उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा था। इसी कड़ी में नवरात्रि के नवे दिन माँ श्री ब्रह्मशक्ति बगलामुखी देवी का पूजन श्रृंगार महागौरी देवी के रूप में किया गया। तत्पश्चात कन्या पूजन भंडारा का आयोजन किया गया, एवं श्रीमद् देवी भागवत महापुराण का समापन हुआ। पीठाधीश्वर आचार्य डॉ दिनेश महाराज ने कहा कि यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता जहां नारी का सम्मान होता है वही देवता का निवास होता है।
कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन अर्थात कर्म ही सर्वोपरि है। हमारे जीवन में उपासना का अत्यधिक महत्व है प्रत्येक मनुष्य को अपने जीवन में यात्री पूर्वक भगवान की उपासना करनी चाहिए। देवी को माया माया कह निंदा करने और कोसने से नहीं माँ माँ कहने से लोक और परलोक में समृद्धि,सुख और मोक्ष की प्राप्ति होती है,अज्ञानियों के पास जो संसार है वह भी माँ का दिया हुआ है परंतु संसार उसको ही अनुकूल मानता है जो धर्मात्मा और माँ का भक्त होता है। अपने निर्धन और प्रतिकूल संसार को सधने और अनुकूल करने के लिए कलयुग में चण्डी माँ और विनायक भगवान अधिकृत हैं। कलौ चण्डी विनायकौ देवी भागवत की कथा प्रमाण है कि जिन जिन राक्षसौ और राक्षसी स्वभाव वालों ने भगवान को देर किनारे करके माया को अपनाया है वह रावण की तरह ही संपत्ति,संतति और समान पाने के बाद भी कंगाल हुए और मृत्यु को प्राप्त हुए हैं,मोक्ष को नहीं। इस माया को माँ के कृपा देखते हुए उपास्य और दर्शनीय बनाये।अष्टमी के पावन पर्व पर श्री विशेषर सिंह पटेल छत्तीसगढ़ शासन गौ सेवा आयोग अध्यक्ष विशेष रूप से श्रीमद् देवी भागवत एवं मंदिर दर्शनार्थ हेतु पहुंचे।नवमी के पावन पर्व पर सरकंडा के मालगुजार छत्तीसगढ़ आंदोलन के सहयोगी कर्णधार एवं वरिष्ठ नागरिक पं. हरिशंकर दुबे जी प्रातः पीतांबरा पीठ पहुंचकर श्री देवाधिदेव महादेव का अभिषेक पूजन कर मंदिर दर्शन लाभ प्राप्त किया।

### श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर में की गई पूजा



प्राचीन श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर सदर बाजार में चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए। रामनवमी के पावन अवसर पर महाआरती के पश्चात कन्या पूजन एवं प्रसाद वितरण किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि न्यायाधीश संजय अग्रवाल ने राम लल्ला की आरती कर कन्या पूजा किया।

### मराठा समाज ने रामनवमी धूमधाम से मनाई

मराठा समाज द्वारा नवमी पर सामूहिक कन्या भोज करवाया गया जिसमे सौ से अधिक बच्चों ने एक साथ भोग प्रसाद ग्रहण किया एवं भंडारा का सभी भक्तो ने भोजन प्रसाद लिया। सभी कन्याओ को भक्तो द्वारा अलग अलग उपहार दिया गया। राम नवमी के उपलक्ष्य श्री राम चंद्र एवं हनुमान की भव्य झांकी मंगाई गई थी। जिसकी सभी भक्तो ने आरती की। मंदिर परिसर को दिपो से सुसज्जित किया गया। आरती पश्चात भोग प्रसाद वितरण किया गया,नवरात्री के होने वाले सभी आयोजन में समाज की महिला मातृशक्तिया, युवतियाँ, एवं युवा मराठा सेना का विशेष सहयोग मिला।



### शोभायात्रा का भव्य स्वागत



श्री रामनवमी पर गोलबाजार चौक में कई वर्षो से शोभायात्रा का स्वागत करते आ रहे एव्हीएम ग्रुप द्वारा इस वर्ष भी यात्रा का स्वागत किया गया। नगर की सबसे पुरानी शोभायात्रा व्यंकटेश मंदिर से निकली। भगवामय में माहौल में जयश्रीराम के जयकारों के साथ अभिनंदन किया। प्रभु श्री राम की महारती कर महाप्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, विवेक बाजपेयी, विनय शर्मा, महेश दुबे, अविनाश शेट्टी, राज कुमार तिवारी, मनीष सराफ , युगल शर्मा,केशव बाजपेयी आदि उपस्थित थे। उक्त कार्यक्रम प्रतिवर्ष एव्हीएम ग्रुप के तत्वाधान में आयोजित किया जाता है, जिसे समिति के सदस्य सीए अमित शुक्ला, मनीष शर्मा, विवेक दुबे, शुभांशु गुप्ता, रत्नेश गुप्ता,अर्पित केशरवानी,शिवा कटारिया,ऋषभ चतुर्वेदी, महर्षि बाजपेयी, चिराग बाजपेयी आदि की सक्रिय भूमिका रहती है।

### वन विभाग में की गई देवी पूजा



सिंधी कालोनी स्थित वन विभाग कंपाउंड में नवरात्रि के अवसर पर भजन कीर्तन कर महिलाओं ने माता की आराधना की। परिवार व समाज की खुशहाली की कामना की गई। अष्टमी के दिन कन्या पूजन कर कन्या भोज कराया गया, इस दौरान भजन कीर्तन का दौर भी चलता रहा। भंडारा में लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर माता का आशीर्वाद लिया। इस दौरान यहां बड़ी संख्या में विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों का सहयोग रहा।

### शुभम विहार में कन्या भोज

शुभम बिहार में कन्या भोजन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सुनीता मानिकपुरी, रिंकू चटर्जी, ऋतु साहू तथा विनोद कुमार साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम में धनेश रजक, लक्ष्मी साहू, तमेश रजक, कमल पटेल, शारदा श्रीवास, नीरज कंठाले, अभिषेक पटेल,अंजू पटेल, ऋतु पटेल सहित समिति के सदस्यों का सहयोग रहा।

### विहिप का रामोत्सव कार्यक्रम




विश्व हिंदू परिषद द्वारा रामोत्सव कार्यक्रम मेला पारा रामायण चौक में आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता केंद्रीय सत्संग बसंत रथ जी के आतिथ्य में किया गया। उन्होंने कहा कि 40 देशों में प्रत्यक्ष और 80 देशों में अप्रत्यक्ष रूप से यह रामोत्सव कार्यक्रम आये मेंटेनेंस आयोजित है। हमारे यहां कहावत है शिव जी की पूजा करते करते स्वयं भी शिव बन जाना है ,भगवान शंकर के पास जो जो गुण है वो सभी आ जाए । ऐसे ही प्रभु राम का गुणगान करते करते कुछ गुण हम में आ जाए तो हमारा व्यक्तित्व भी सुधरेगा, समाज और राष्ट्र भी सुधरेगा। व्यक्ति के अंदर दो गुण रहते हैं आसुरी और दैवीय गुण, मनुष्य को जीव से शिव बनना है , विषय को रखते हुए उन्होंने अंगुलिमाल और गौतम बुद्ध की कहानी के माध्यम से समझाया। परिवार को जोड़ के रखने का काम, सही दिशा देना का काम मां करती है , व्यक्ति को जोड़कर परिवार बनता है, परिवार को जोड़ कर समाज बनता है और समाज को जोड़कर ही राष्ट्र बनता है।

### देवी माताचौरा में कन्या भोज के साथ भजन कीर्तन

कुदूदण्ड देवी माताचौरा मंदिर में सिद्धिदात्री मां की पूजा अर्चना की गई। मंदिर प्रांगण में कन्या भोज का आयोजन किया गया। माता के दर्शन के लिए सुबह से शाम तक श्रद्धालुओं का दर्शन के लिए भीड़ लगी रही। वहीं माता को प्रसन्न करने माता की आरती भजन का भी आयोजन मंदिर प्रांगण में किया गया। रंजू दिनेश निर्मलकर ने स्व. भाऊ लाल निर्मलकर व स्व. श्याम लाल रजक की स्मृति में वाटर कूलर भेंट किया।



### राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ की महाष्टमी पूजा



बेमानगोई मां वैष्णो देवी मंदिर में राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ की बहनों ने सामूहिक रूप से पूजा अर्चना की एवं कन्या भोजन कराया। प्रतिभा पांडे, अर्चना तिवारी, शशि प्रभा पांडे, संजना मिश्रा, संगीता शर्मा, साधना दुबे, सीता तिवारी, पूनम पांडे, माया बाजपेई ने मिलकर दुर्गा अष्टमी पर सभी बहने लाल रंग के परिधान में शामिल हुई।

# अयोध्या की पावन धरा पर नतमस्तक हुए 1008 रामभक्त

**बिलासपुर।** बिलासपुर से निकले 1008 रामभक्तों का जत्था रविवार को अयोध्या पहुंचा। जहां भगवा वस्त्रधारी श्रद्धालओं ने त्रिवेणी संगम में स्नान कर प्रभु श्रीराम के दर्शन किए। इस अवसर रामभक्तों के रहने व खाने की व्यवस्था स्थानीय होटल में की गई थी।

शनिवार 5 अप्रैल को 1008 रामभक्तों को स्थानीय पुलिस ग्राउंड से अयोध्या के लिए रवाना किया गया था। रामभक्त रविवार को अयोध्या पहुंचे। जहां उनका भव्य स्वागत किया गया। 1008 रामभक्तों के रहने व खाने की व्यवस्था होटल में की गई थी। दोपहर के भोजन के बाद सभी भक्त जयघोष व भजन गाते हुए पदयात्रा प्रारंभ किए। श्रीराम जन्मभूमि परिसर पहुंचकर श्रद्धालू भाव-विभोर हो गए और भगवान राम श्रीराम का दर्शन कर धन्य हो गए। इस दौरान यात्रा संयोजक प्रवीण झा और उनकी टीम ने सभी भक्तों के खान-पान, आवास आदि का ध्यान रखा।



प्रयागराज में संगम स्नान के बाद हुआ दिव्य दर्शन



पदयात्रा में गूंजे 'जय श्रीराम' के जयघोष

### जीवन को दिशा देने वाली शक्ति

इस यात्रा ने श्रद्धालुओं को धार्मिक अनुभूति देते हुए आत्मिक परिवर्तन की ओर प्रेरित किया। श्रद्धालुओं के लिए यह यात्रा भक्ति नहीं बल्कि जीवन को दिशा देने वाली शक्ति है। इस यात्रा में लोगों को सेवा, समर्पण और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला।

### स्नान से मिली आंतरिक शुद्धि

प्रयागराज पहुंचते ही सभी 1008 श्रद्धालुओं ने संगम में डुबकी लगाई। यह क्षण बेहद आध्यात्मिक रहा। रामभक्तों का कहना था कि गंगा-जमुना और सरस्वती के इस त्रिवेणी संगम ने उनके मन को निर्मल कर दिया। जलाभिषेक के साथ सबने अपने पापों के क्षय की प्रार्थना की।

### 'भगवान को पा लिया'

हनुमानजी की प्रतिमा के साथ बस में सवार हुए श्रद्धालु श्रीरामलला के दर्शन के बाद भाव-विह्वल नजर आए। सरिता वर्मा ने कहा जैसे राम जी ने बुलाया और हमने भगवान को पा लिया। संजय वस्त्रकार ने बताया कि इस यात्रा ने उन्हें जीवन का उद्देश्य समझाया और वे अब नशा मुक्त जीवन जीने के संकल्प पर दृढ़ हैं।

### स्वयंसेवकों का विशेष सहयोग

यात्रा में स्वयंसेवक के रूप में रामप्रताप सिंह, रौशन सिंह, त्रिभुवन सिंह, एके कंठ, रिंकू मित्रा, मुकेश झा, हरिशंकर कुशवाहा, सागर साहू, सनद पटेल, संतोष सिंह, संतोष चौहान, अभिषेक साहू, संजय द्विवेदी, सन्नी गिरी, जयदीप घोष, चन्द्रकिशोर प्रसाद, शैलेन्द्र सिंह, शुभम राय आदि का सहयोग रहा।

6-APR--REGNOL--pg-6-COMMAN_Layout 1 4/6/2025 11:48 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### एक कुंदा गायत्री महायज्ञ एवं संस्कार संपन्न



**तखतपुर।** तखतपुर विद्या विस्तार केंद्र के तत्वाधान में भक्ति कुंज में एक कुंदा गायत्री महायज्ञ एवं संस्कार का समापन पं श्रीराम शर्मा आचार्य, माता भगवती देवी शर्मा शांतिकुंज हरिद्वार के सूक्ष्म संरक्षण में किया गया। साथ ही नवरात्रि साधना अनुष्ठान की पूर्ण आहुति संपन्न की गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया, यज्ञ उपरांत कन्या भोज एवं युग साहित्य का निशुल्क वितरण किया गया। यज्ञ संचालन नारायण प्रसाद पाली एवं रीना देवी सिंह ठाकुर द्वारा किया गया।।

### नगर पालिका अध्यक्ष ने की राज्यपाल से मुलाकात



**मुंगेली।** राज्यपाल के मुंगेली प्रवास पर नगर पालिका अध्यक्ष रोहित शुक्ला ने उन्हे नगर विकास के संबंध में स्वीकृत कराने के लिए आवेदन पत्र सौपा। दिये गये आवेदन में कबीर वार्ड में 1 करोड की लागत से ऑक्सीजोन निर्माण, तालाब एवं आगर नदी सौंदर्यीकरण के लिए 10 करोड, आगर नदी के किनारे चौपाटी निर्माण के लिए 50 लाख, दूषित जल उपचार संयंत्र स्थापना वाटर ट्रीटमेंट के लिए 10 करोड़ के विकास कार्यो की स्वीकृति कराने की मांग की गई है। नगर पालिका अध्यक्ष रोहित शुक्ला ने कहा कि नगर विकास के लिए जब जहां प्रयास करना पड़ा, वे पूरी समर्पित रूप से प्रयास करते आये है आगे भी करते रहेंगे। उनके सतत प्रयास से अभी हाल ही में कई तरह की स्वीकृति एवं टेंडर लगाये गये है। श्री शुक्ला ने बताया कि तमाम चुनौतियो के बाद भी वे हर हाल में नगर विकास कराने समर्पित रूप से प्रयासरत है एवं नगर को विकसित बनाने का वादा पूरा करेंगे। नगर पालिका अध्यक्ष श्री शुक्ला ने राज्यपाल को नगर पालिका में निकाले गये सफाई कर्मियो को फिर से रखने की मांग भी की।

### प्रधान पाठिका अनिता को गौरव अलंकरण पुरस्कार



**मुंगेली** शासकीय रमा बाई पाण्डेय प्राथमिक शाला में पदस्थ प्रधान पाठिका अनिता शुक्ला को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए मुख्यमंत्री गौरव अलंकार पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इन्होने कोरोना में मुंगेली में मोहल्ला क्लास लगाकर बच्चों को अध्यापन कराया। इनकी ओर से नवाचारी शिक्षक के रूप में टीएलएम के माध्यम से पाठ्य विषय वस्तु को आकर्षक बनाकर बच्चों को अध्यापन कराया गया। साथ ही इन्होने स्कूल में समय-समय पर बच्चों सहित पालकों एवं शिक्षकों के जन्म दिन पर बच्चों को भोज का आयोजन भी कराती हैं। इनके उल्लेखनीय प्रयासों के परिणाम स्वरूप विकासखण्ड व जिला के स्तर पर गठित शिक्षा समिति की अनुशंसा पर यह पुरस्कार प्राप्त हुआ। इस अवसर पर कलेक्टर राहुल देव, एसपी भोजराम पटेल, जिला शिक्षा अधिकारी चंद्रकुमार घृतलहरे, विकासखण्ड शिक्षा अधिकरी डीएस राजपूत, अशोक सोनी संतोष मिश्रा, डॉ. प्रतिभा मंडलोई, पवित्र सिंह बेदी, डीएमसी अजय नाथ, सुनील शर्मा सहित बडीं संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## महिलाओं ने गाए सोहर, दिन भर चला भजन-कीर्तन का दौर

# जय श्री राम के जयकारों की गूंज के साथ मनी राम नवमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

श्रीराम जानकी मंदिर सोनारपारा में बाजे गाजे के साथ भगवान श्रीराम जन्मोत्सव उत्साह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर महिलाएं सोहर, भजन-कीर्तन गाते रहे। मंदिर को आकर्षक ढ़ंग से सजाया गया था। भगवान श्रीराम का विशेष श्रृंगार किया गया। लोग अपने घरों के सामने दिये जलाकर रामनवमी पर्व मनाते रहे।

नगर के हृदय स्थल में विराजित श्रीराम जानकी मंदिर में मध्यान्ह 12 बजे अभिजीत मुहूर्त में श्रीराम जन्म महोत्सव धूम-धाम से बाजे-गाजे के साथ मनाया गया। राम जन्मोत्सव के पश्चात सभी श्रद्धालुओं ने एक स्वर पर भय प्रगट कृपाला............ सस्वर पाठ किया। सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। राम जन्मोत्सव के अवसर पर भगवान श्रीराम का षोडषोपचार से पूजा अर्चना किया गया। श्रद्धालु भक्तों द्वारा विशेष पूजा-अर्चना महाआरती एवं विशेष प्रसाद वितरण किया गया। भगवान श्रीराम जी की महाआरती शंख, गाजे-बाजे एवं झालर घंटी किया गया। इस अवसर पर मंदिर के बाहर भव्य आतिशबाजी एवं गाजे-बाजे के साथ श्री रामचंद्र भगवान के जन्म उत्सव मनाया गया। भगवान को मौसमी फलों के भोग के साथ पंचामृत और पंजरी का विशेष प्रसाद श्रद्धालुओं को वितरण किया गया। इस अवसर पर पंचामृत, गुणाम, पंजरी, आदि का प्रसाद लगाया गया। महिला मण्डल समिति द्वारा राम जन्मोत्सव के अवसर पर शोहर गाते हुए भजन कीर्तन किया गया। राम जन्मोत्सव के पश्चात श्रद्धालु भक्तजन गुलाल उड़ाकर उत्सव मनाते रहे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही।





भगवान श्रीराम की प्रतिमा, भजन कीर्तन करती महिलाएं।

### पेंड्रा में निकली भव्य शोभायात्रा



पेंड्रा। रामनवमीं के अवसर पर पेंड्रा में भव्य रूप से राम जन्मोत्सव का पर्व मनाया गया। श्री राम भक्त परिवार पेंड्रा के द्वारा एक दिन पूर्व ही भगवान रामजी की प्रतिमा को गाजे-बाजे के साथ लाया गया और स्थापना की गई। रविवार को रामनवमीं पर श्रीराम मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद नगर वासियों के द्वारा भव्य रूप से भी शोभायात्रा निकाली गई, जिसने पुरानी बस्ती से होते हुए पूरे शहर में भ्रमण किया। इस दौरान जगह-जगह जय श्री राम के नारे को साथ सनातनी लोग श्रीराम की धुन पर थिरकते रहे। जिले में जगह-जगह रामनवमीं के अवसर पर निकली शोभायात्रा से पूरा जिला राममय हो गया। कौमी एकता की मिसाल देते हुए मुस्लिम समुदाय ने भगवान श्रीराम की शोभा यात्रा के दौरान राम भक्तों को फल, मीठाई एवं कोलड्रिंक का वितरण किया गया। इसके साथ ही देवी मंदिरों में स्थापित जवारा का भी विसर्जन किया गया।

## मां डिडनेश्वरी का दर्शन करने पहुंचे तखतपुर विधायक धर्मजीत



**मल्हार।** चैत्र नवरात्र के अंतिम दिन नवमीं को तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह अपनी पत्नी शशि सिंह के साथ मां डिडनेश्वरी देवी मंदिर पहुंचे। उन्होंने गर्भगृह में पूजा-अर्चना कर क्षेत्र व छत्तीसगढ़ वासियों की खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर विधायक धर्मजीत व उनके परिवार का ट्रस्ट के सदस्यों ने चुनरी पहनाकर स्वागत किया। देवी दर्शन के बाद उन्होंने ट्रस्ट के कार्यालय में सदस्यों व अधिकारियों से नगर विकास के सम्बंध में जानकारी ली। इस दौरान सीएमओ व ट्रस्ट के सदस्यों ने कुछ महत्वपूर्ण विषयों पर मांग की, जिसके लिए विधायक ने सम्बंधित अधिकारियों व विभाग से चर्चा कर जल्द ही मांग पूरी कराने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष धनेश्वर कैवर्त, अजय कैवर्त, संजीव पांडेय, गणेश राजू तिवारी, संतोष कैवर्त, रामहरि कैवर्त, महेश्वर कैवर्त सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

रविवार को कन्या भोज, ब्राम्हण भोज व आचार्यों के दान दक्षिणा के बाद चैत्र नवरात्र का समापन हो गया। इससे पहले शनिवार को महाअष्टमी के अवसर पर हवन-पूजन के साथ ही भागवत कथा मंच में सहस्त्रधारा, कपिलातर्पण सहित अन्य अनुष्ठानों को पं नरेश पांडेय के साथ आचार्यों ने विधिपूर्वक संपन्न कराया।

## भैरव बाबा मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ की गई पूजा-अर्चना





**बिलासपुर।** चैत्र नवरात्रि पर बिलासपुर जिले की धार्मिक नगरी रतनपुर में आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिला। नौ दिनों तक रतनपुर नगर पूरी तरह आस्था में सरबोर रहा। छत्तीसगढ़ समेत देश के विभिन्न हिस्सों से हजारों श्रद्धालु मां महामाया और कोलकाता भैरव बाबा के दर्शन के लिए पहुंचे।

नवरात्र के महाअष्टमी पर शनिवार को भैरव बाबा मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन और पूर्णाहुति का किया गया। वहीं रविवार को कन्या पूजन और ब्राह्मण भोज के साथ नौ दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान का विधिवत समापन हुआ। नगर कोतवाल भैरव बाबा मंदिर के महंत पं. जागेश्वर अवस्थी ने बताया कि नवरात्रि के नौ दिनों तक प्रतिदिन रात्रि में विशेष पूजन कर बाबा भैरवनाथ को आहुति दी गई। इस दौरान देश और प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की गई। श्रद्धालुओं की भीड़ के चलते मंदिर परिसर दिन-रात भक्तों से भरा रहा। रतनपुर नगर में नवरात्र के दौरान सुरक्षा और व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। स्थानीय प्रशासन और मंदिर समिति के सहयोग से श्रद्धालुओं को दर्शन में किसी प्रकार की असुविधा नहीं हुई।

## देर रात तक किया जाता रहा जवारा का विसर्जन



**मुंगेली।** नवरात्र में क्षेत्र के मंदिरों में सुबह से रात्रि तक श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। देवी मंदिरों एवं घरों में विराजित ज्योति कलश जवारा का विसर्जन कार्यक्रम सुबह से देर रात्रि तक नदी में किया जाता रहा। इस अवसर पर श्रद्धालु भक्तजन जसगीत की थाप पर नाचते-गाते जंवारा विसर्जन करते रहे। शहर समेत अंचल में नवरात्र महोत्सव पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। चैत्र नवरात्र के दुर्गाष्टमी के पर्व पर शनिवार को सुबह से देर रात तक देवी मंदिरों में हवन पूजन का कार्यक्रम हुआ। भक्तों की भारी भीड़ रही। मां महामाया मंदिर में पुजारी द्वारा मंत्रोच्चार के बीच हवन कार्य संपन्न कराया। श्रद्धालुओं ने हवन में आहुतियां डाली। नगर की आराध्य देवी मां महामाया, दुर्गा मंदिर, काली मंदिर, शक्ति मंदिर में सुबह पट खुलते ही श्रद्धालुओं की भीड़ रही। नगर के हृदय स्थल सोनारपारा में प्राचीन मां महामाया मंदिर से रात्रि में जंवारा विसर्जन के लिए निकले। जिसे आगर नदी में विसर्जित किया गया। इसी तरह पंडरिया रोड स्थित शक्तिमाई मंदिर, खर्रीपारा स्थित काली मंदिर, ठाकुरदेव मंदिर का जोत जंवारा विसर्जन हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में भक्त मौजूद रहे।

### हवन-पूजन के साथ किया गया जवारा विसर्जन



**मोपका।** चैत्र नवरात्रि पर सभी जगहों के देवी मंदिरों में ज्योति कलश की स्थापना की गई थी, जिसमें प्रमुख रूप से महामाया मंदिर, बरम बाबा मंदिर, दुर्गा मंदिर साहू मोहल्ला, दुर्गा मंदिर गुलाब नगर, रंजीत पाठ, कंकाली मंदिर गतौरा, ठाकुर देव मोपका सहित चिल्हाटी, गतौरा, नगोई, बहतराई,बैमा, सहित अनेकों जगहों पर भक्तों द्वारा ज्योति कलश की स्थापना के साथ-साथ मनोकामना पूर्ति के लिए जावरा बोया गया था। नवरात्रि के समापन के अवसर पर हवन-पूजन के साथ मादर की थाप पर गांव का भ्रमण करते हुए जावरा का विसर्जन किया गया।

### बाजे-गाजे के साथ किया गया जवारा विसर्जन



**पथरिया।** नगर के दोनों महामाया मंदिर में चैत्र नवरात्रि बड़ी ही धूमधाम से मनाई गई। जवरा अवसर पर मंदिरों में जवारा की स्थापना भी की गई। भक्तों ने पूरे आठ दिनों पूजा-अर्चना की एवं नवमें दिन बाजे-गाजे के साथ जवारा विसर्जन के लिए ले जाया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए। नगर के पथरिया महामाया मंदिर से यात्रा निकली, जो आजाद चौक होते हुए मंझली तालाब पहुंची एवं जवारा विसर्जन किया गया। वहीं चोरभट्ठी महामाया मंदिर से जवारा यात्रा निकली एवं पूजा-अर्चना के बाद घोरमार तालाब में जवारा विसर्जन किया गया।

### शोभायात्रा यात्रा निकाल कर किया गया जवारा विसर्जन



**सरगांव।** आदि शक्ति महामाया देवी मंदिर व क्षेत्र के अन्य प्रमुख देवी मंदिरों में देवी का आराधना पर्व चैत्र नवरात्रि पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। महामाया मंदिर परिसर से जवारा शोभायात्रा यात्रा निकाल कर जवारा विसर्जन के साथ नवरात्रि का समापन किया गया। आदि शक्ति महामाया मंदिर में घी व तेल के मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए थे, जिसके दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ लगी रही। साथ ही प्राचीन मां धूमेश्वरी देवी मंदिर राम सप्ताह चौक, मां मानसा देवी मंदिर में भी ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए थे। पुजारी पंडित ओमप्रकाश तिवारी द्वारा विधि विधान मंत्रोच्चार से अनुष्ठान संपन्न कराया गया।

## शनिदेव की भक्ति से मिलती है अन्याय से लड़ने की शक्तिः साव

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी



श्री शनिदेव न्याय के देवता हैं, वे कर्म के अनुसार फल देते हैं। जो जैसे कर्म करता है, वैसा ही फल शनिदेव प्रदान करते हैं। उनकी दृष्टि में कोई राजा या रंक नहीं, सब एक समान हैं।

उक्त बातें प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने लोरमी के मोहतरा तेली गांव में शनिदेव मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दौरान कही। उप मुख्यमंत्री अरुण साव शनिवार को मोहतरा तेली में शनिदेव मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल हुए। श्री साव ने आगे कहा कि चैत्र नवरात्रि की अष्टमी के पावन अवसर पर गांव में भव्य शनिदेव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हुई है। इसके लिए पूरे ग्रामवासी बधाई के प्रात्र हैं। श्री साव ने कहा जो भक्त सच्चे मन से शनि देव की पूजा करते हैं, उसमें अन्याय के विरुद्ध खड़े होने की शक्ति उत्पन्न होती है एवं वे जीवन की बाधाओं को दूर कर मार्ग प्रशस्त करते हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि सनातन परंपरा आज दुनिया की परंपरा है, महाकुंभ में 60 करोड़ से ज्यादा लोगों ने त्रिवेणी संगम में स्नान किया है, ऐसी व्यवस्था कही और नहीं हो सकती है।

प्राण प्रतिष्ठा समारोह में नपा अध्यक्ष सुजीत वर्मा, जिपं उपाध्यक्ष शांति देवी भास्कर, डॉ अशोक जायसवाल, सरपंच प्रेमी चित्ररंजन साहू, गुरमीत सलूजा, धनीराम यादव, मंडल अध्यक्ष दिनेश कश्यप, राजेश साहू, अनिता साहू, विनय साहू, रामेश्वर बंजारे, पूर्णिमा साहू, महेंद्र खत्री, प्रदीप साहू , घनश्याम खत्री, कोमल साहू, सरपंच बोड़तरा नारद जायसवाल, निरंजन साहू, सुशील यादव, राजेंद्र साहू, महाजन जायसवाल, रामनिहोरा कश्यप, मेलाराम साहू, गजेंद्र जायसवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं शनिदेव मंदिर समिति के पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### हास्य कवि सम्मेलन में शामिल हुए डिप्टी सीएम

नगर के थाना ग्राउंड में आयोजित अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन में उप मुख्यमंत्री अरुण साव शामिल हुए एवं अलग-अलग विधाओं की कविताओं का आनंद लिया। सम्मेलन में देश के ख्याति प्राप्त कवियों ने हास्य, श्रृंगार एवं वीर रस की कविताओं से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।कवि सम्मेलन में देश के जाने माने कवि शशिकांत यादव, अतुल ज्वाला, सुरेंद्र यादवेंद्र, डॉ वेदव्रत वाजपेई, रमेश विश्वहार, पद्मनी शर्मा, देवेंद्र परिहार ने शानदार काव्य पाठ किया, जिसे सुनने लोगों में गजब का उत्साह दिखा। वहीं उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने इस कवि सम्मेलन के लिए आयोजन समिति को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर आयोजक प्रशांत शर्मा, सिक्कू दुबे, आकाश केशरवानी, नरेंद्र खत्री सहित बड़ी संख्या में श्रोता उपस्थित रहे।

## विधायक के साथ धीवर ने किया देवी दर्शन, ग्रामीणों ने किया सम्मानित



**सीपत।** चैत्र नवरात्रि के शुभ अवसर पर विधायक दिलीप लहरिया ने विधानसभा क्षेत्र के ग्राम खोंधरा, कनई, जेवरा, नवापारा, बिटकुला में जोत-जवांरा कार्यक्रम में शामिल होकर माता का दर्शन किया एवं आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर लहरिया ने कहा कि नवरात्र में माता रानी सबको सुख शांति समृद्धि और संपत्ति प्रदान करें। मन से की गई मां की अराधना से मां सब की मनोकामना पूर्ण करती हैं।

नवनियुक्त जिला पंचायत सदस्य राजेंद्र धीवर ने कहा कि मां की भक्ति से शक्ति, संपत्ति, धन एवं ऐश्वर्य की प्राप्ति होती है। सच्चे मन से की गई प्रार्थना को माता रानी स्वीकार करती हैं। इस दौरान ग्रामीणों ने जिपं सदस्य निर्वाचित होने के बाद प्रथम आगमन पर धीवर को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि आपके हर उम्मीदों पर खरा उतर कर आपके विश्वासों के अनुरूप क्षेत्र का विकास करूंगा। वनांचल ग्रामो में भी हर मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराना मेरी पहली प्राथमिकता रहेगी, ताकि आपको परेशानियों से निजात मिल सके। इस दौरान विधायक लहरिया ने विकास कार्यों के लिए ग्राम खोंधरा में 5 लाख, ग्राम कनई में 5 लाख एवं ग्राम बिटकुला में 5 लाख रूपए की राशि देने की घोषणा की। इस अवसर पर जिपं सदस्य राजेंद्र धीवर, प्रमोद जायसवाल, घनश्याम नेताम, धनीदास, नारायण, बुटन पाटनवार दिलीप वर्मा उमेश कश्यप सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## जल संकट से परेशान किसानों ने फसलों को किया मवेशियों के हवाले



**लोरमी।** खपरीकला क्षेत्र के गांव साल्हेघोर एवं कोसमतरा में जल संकट गहराता जा रहा है। क्षेत्र की आगर नदी एक माह पहले जवाब दे चुकी है। गहराते जल संकट से परेशान यहां के किसान अब धान, गेहूं आदि की फसलों को मवेशियों के हवाले कर रहे हैं। कुछ किसान फसलों को काटकर मवेशियों के चारे के रूप में उपयोग करने की तैयारी में जुट गए है।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम साल्हेघोरी, कोसमतरा में लगभग 5 सौ एकड़ भूमि पर गर्मी की फसल लगाए गई है। गिरते भूजल स्तर के के कारण सिंचाई के लिए गांव में पानी नहीं होने से विवश किसान लगभग 50 एकड़ की फसल को मवेशियो के हवाले कर चुके हैं। उसी प्रकार साल्हेघोरी में 100 एकड़ में लगी धान की फसल की भी यही स्थिति है। बताया जा रहा है कि जलश्रोत के सूखने से लगभग यहां का जल स्तर लगभग 200 फिट नीचे चला गया है। गांव के सारे लगभग नलकूप एवं बोर जवाब दे चुके है, ऐसे में विकराल जलसंकट को देखते हुए किसान गर्मी की धान एवं गेंहू जैसी फसलों को अपने हाथों से मवेशियों के हवाले करने को विवश हैं। जल संकट पर हरिभूमि ने पहले ही प्रमुखता से खबर प्रकाशित कर जलसंकट को लेकर आगाह किया था। लेकिन इस पर कोई ध्यान नहीं दिया गया, लिहाजा किसान अब अर्नाी फसलों को मवेशियों को खिलाने को मजबूर हैं। किसान भरतलाल कश्यप ने बताया कि बड़ी उम्मीद के साथ ग्रीष्मकालीन फसलों की खेती की थी, लेकिन पानी के अभाव के कारण स्थिति ऐसी हो गई है कि किसान बीज एवं खाद हेतु लिए गए ऋण के बोझ तले दबेंगे। गौरतलब है कि क्षेत्र की जीवनदायनी आगर नदी एक माह पहले जवाब दे चुकी है। नदी जैसे बड़े जलश्रोत के सूखने से किसानों के छोटे नलकूप एवं बोर फेल हो गए हैं। इससे मायूस किसान अब अपने हाथों से फसलों को मवेशियों का चारागाह बना रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि मनियारी नदी खुड़िया बांध का पानी सेनगुड़ा नहर से आगर नदी में गिराने के लिए लगभग एक किलोमीटर नाली बनाई जा रही है।

### समस्या दूर करेंगे

ग्राम में परीक्षण करवाकर समस्या को दूर करने का प्रयास करेंगे।

**– अजीत पुजारी,** एसडीएम

### की जा रही व्यवस्था

सेनगुड़ा नहर के माध्यम से आगर नदी में निस्तारी के लिए खुड़िया बांध का पानी पहुंचाने की व्यवस्था की जा रही है।

**–वर्षा विक्रम सिंह**
जनपद अध्यक्ष

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, जरहागांव**

**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र. ..../ब-121/2024-25
ग्राम कुआगांव प.ह.नं. 06

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासी ग्राम कुआगांव वालो को सूचित किया जाता है कि आवेदक अंगद राम साहू पिता भुखे लाल जाति तेली निवासी ग्राम कुआगांव तहसील जरहागांव, जिला मुंगेली छ.ग. द्वारा अपने माँ पवारा बाई के जन्म/ मृत्यु दिनांक 09.05.2016 को ग्राम पंचायत कुआगांव मे दर्ज करने हेतु आदेश जारी करने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है, अतः इस संबंध में जिस किसी को कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 11.04.2025 को प्रातः 11 बजे तक मेरे न्यायालय तहसील जरहागांव में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24/03/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा को अधीन जारी किया गया।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी
जरहागांव**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल अमसेना, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**सूचना**

क्र./क/सीमांकन/रा.नि./2025
बिलासपुर दिनांक 05/04/2025

प्रति, 1. खेलावन वगैरह (आवेदक) 2. श्यामलाल कौशिक 3. केजऊ कौशिक 4. बिहारी कौशिक 5. मुरारी कौशिक 6. अन्य हितबद्ध पक्षकार।

संदर्भ :-न्याया.तह./अति./नायब तहसीलदार सकरी के ज्ञापन क्रमांक/ ना. तह./ वा./ 2023-24, दिनांक 20.01.2025

ग्राम बेलमुंडी प.ह.नं. 38 रा.नि.मं. अमसेना, तहसील सकरी स्थित भूमि ख.नं. 391/7, 394, 397/5 रकबा क्रमशः 1.675, 0.186, 0.688 हेक्ट. के सीमांकन हेतु खेलावन वगैरह पिता/ पति रामरतन निवासी बेलमुंडी द्वारा न्यायालय तह./ अति. तह./ नायब तह. सकरी के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया है।

न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 10.04.2025 को 11.00 से 5.00 बजे को किया जाना है, जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है।

अतः आप उक्त तिथि को नियत समय पर मौके में भूमि संबंधी दस्तावेज के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करें। उपस्थित नहीं होने की दशा में सीमांकन कार्य बाधित होने की संपूर्ण जिम्मेदारी आपकी होगी तथा बाद की आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

टीपः आवेदक सीमा चिन्ह स्थित करने हेतु आवश्यक सामाग्री एवं मजदूर की व्यवस्था करना सुनिश्चित करें।

**(धारा कश्यप)
राजस्व निरीक्षक, अमसेना**

**आम-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार सुष्मिता बंजारे उम्र 34 वर्ष पति श्री रूपेन्द्र कुमार बंजारे निवासी एच.आई.जी. 3. वार्ड नंबर 23, बेलादुला रोड, बीएसएनएल आफिस के पास, मुकुट नगर, रायगढ़ तहसील एवं जिला रायगढ़ (छ.ग.) की ओर से अधिकृत एवं निर्देशित होकर यह आम सूचना प्रकाशित कराता हूँ कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी श्री मोहम्मद हबीब उम्र 36 वर्ष पिता श्री मोहम्मद रफीक निवासी वार्ड नंबर 46 गणेश नगर चुचुहियापारा बिलासपुर तहसील एवं जिला बिलासपुर (छ.ग.) एवं श्री दिनेश कौशिक उम्र 40 वर्ष पिता स्व. श्री जागेश्वर कौशिक निवासी वार्ड नंबर 12 नजरलाल पारा सिरगिट्टी बिलासपुर तहसील एवं जिला बिलासपुर (छ.ग.) स्थित भूमि जो मौजा दोमुहानी प.ह.नं. 43 रा.नि.म. सिरगिट्टी तहसील एवं जिला बिलासपुर में स्थित खसरा नंबर 36/35 में से रकबा 1522 वर्गफीट को क्रय करने का पक्का सौदा कर बतौर एडवांस राशि प्रदान कर दिया गया हैं, जिसका निकट भविष्य में विक्रय पंजीयन होना हैं, अतः उक्त भूमि के क्रय-विक्रय के संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, निकाय बैंक या अन्य को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति मय दस्तावेज मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर दर्ज करावें, बाद की आपत्ति विधि मान्य नहीं होगी। सो आम सूचना जाने।

भवदीय
संतोष वस्त्रकार अधिवक्ता/नोटरी
पुराना पावर हाउस डॉ. बेनर्जी क्लीनिक के पास तोरवा, बिलासपुर मो. 9302518147
रूपेन्द्र कुमार बंजारे मो.नं. 8770675683

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल जूना बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**सूचना**

क्र/क/रा.नि./2025
जूना बिलासपुर, दिनांक 26.03.2025

प्रति, 1. सुशील कुमार पटेल 2. अभिषेक जिवनानी 3. राधामल जिवनानी 4. महादेव देव दाल मील 5. सर्वसंबंधित (समीपी भूमिस्वामियों की जानकारी ज्ञापन में दर्ज/ आवेदक के बताए अनुसार)

विषय :- सीमांकन में उपस्थित होने बावत।

संदर्भ :- न्यायलय तहसीलदार का ज्ञापन क्र./क/तह./वाचक/2025, बिलासपुर दिनांक 12.11.24

आवेदक सुशील कुमार पटेल निवासी राजकिशोर नगर के द्वारा ग्राम तोरवा प.ह.नं. ..... रा.नि.मं. जूना बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 859/39 रकबा 0.113 हे. के सीमांकन हेतु न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। संदर्भित न्यायालयीन ज्ञापन के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन दिनांक 09.04.25 को समय 12 PM-5PM बजे किया जायेगा। अतः आप भूमि से संबंधित दस्तावेज के साथ निर्धारित तिथि एवं समय को मौके पर अनिवार्यतः उपस्थित होवें। अनुस्थिति के लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे और बाद की आपत्ति पर स्वीकार्य नहीं होगी। टीपः 1. आवेदक सीमाचिन्ह स्थापित करने हेतु आवश्यक सामग्री और मजदूर की व्यवस्था करें। 2. विशेष परिस्थिति में अपरिहार्य कारणों से सीमांकन तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।

**राजस्व निरीक्षक
जूना बिलासपुर (छ.ग.)**


मा. सौरभ सिंह जी
अध्यक्ष-छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम
मा. भूपेन्द्र सवन्नी जी
अध्यक्ष-छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा)
मा. राजा पाण्डेय जी
अध्यक्ष-छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम
छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम एवं राज्य ऊर्जा विकास अभिकरण, पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष पद पर नियुक्त होने पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
राजकुमार सिंह
चंद्रचूड़ त्रिपाठी
प्रवीण सिंह
दीपक सिंह
प्रणव सिंह
प्रकाश सिंह ठाकुर
सत्येन्द्र सिंह
प्रताप सिंह
अंकुर सिंह
BALAJI AD.
बुद्धा फ्यूल्स, काली मंदिर के पास, मेन रोड तिफरा, बिलासपुर

## खबर संक्षेप

### युवक पर चाकू से हमला आरोपी की स्कूटी जलाई

**बिलासपुर।** पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक के साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया है। इससे क्षुब्ध होकर घायल युवक के दोस्तों ने आरोपी की स्कूटी को जला दिया। जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पुलिस हमलावरों की तलाश में जुट गई है। सिरगिट्टी टीआई रजनीश सिंह ने बताया, गणेशनगर निवासी प्रिंस उर्फ लल्ला का पड़ोसी समीर अली पिता असलम अली से पुरानी रंजिश चल रही है। रविवार की शाम 4 से 5 बजे के बीच उसी रंजिश को लेकर समीर अली एवं उसके दोस्तों ने प्रिंस उर्फ लल्ला से बेहरमी पूर्वक मारपीट करते हुए चाकू से हमला कर दिया। दोस्तों ने बीच बचाव किया तो हमलावर अपनी स्कूटी छोड़कर भाग गए। चाकूबाजी से नाराज दोस्तों ने आरोपी की स्कूटी में आग लगा दिया। जिससे जलकर स्कूटी नष्ट हो गई है। घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और घटना की जानकारी लेने के बाद आरोपियों के तलाश में जुट गई है।

### दो गुटों के बीच मारपीट युवक पर चाकू से हमला

**बिलासपुर।** दो गुटों के बीच विवाद होने से एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया गया है। घायल युवक को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने दोनों पक्ष के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, रविवार की शाम तालापारा निवासी यासिन खान व नंदू कंडा के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। दोनों युवक एक दूसरे के साथ हाथा पाई कर मारपीट करने लगे। नंदू कंडा की मां बीच बचाव करने आई तो यासिन खान ने उनके साथ मारपीट कर दिया। इस पर नंदू कंडा ने उसके पेट पर चाकू से हमला कर दिया है। चाकूबाजी की वारदात से मौके पर हड़कंप मच गया। घायल युवक को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। दोनों पक्ष घटना की रिपोर्ट लिखाने थाने पहुंच गए थे। पुलिस ने दोनों पक्ष के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### बाराती से मारपीट कर कार में तोड़फोड़

**बिलासपुर।** बारात आए युवक के साथ युवकों ने मारपीट कर उसकी कार में तोड़फोड़ कर दिया गया है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। मस्तूरी पुलिस के अनुसार, चकरबेढ़ा निवासी राजा राय पिता रोहित राय 5 अप्रैल को बारात आए थे। बारात में नाचने के बाद दोस्तों के साथ खड़े थे। रात 11.50 बजे मस्तूरी के तीन चार युवक आए और उनके साथ गाली गलौज करने लगे। राजा राय ने गाली देने से मना किया तो युवकों ने उनके साथ हाथ, झापड़, लाठी, ईंट से हमला कर दिया। उसके दोस्त बीच बचाव करने आए तो युवकों ने उनके कार का कांच ईट से मारकर तोड़ दिया है।

### माल ढुलाई में एसईसीआर दूसरे नंबर पर

**बिलासपुर।** घरेलू कंटेनर की लोडिंग में 19.72 फीसदी की मजबूत वृद्धि के कारण रेलवे ने पिछले वर्ष की तुलना में सभी वस्तुओं में 1.68 फीसदी की वृद्धि दर्ज की है। घरेलू कंटेनरों में बोरी, हॉट रोल्ड कॉइल, सिरेमिक टाइलें, वॉल केयर पट्टी और चावल पांच प्रमुख वस्तुएं हैं। घरेलू कोयला लोडिंग में 7.4 फीसदी की वृद्धि हुई, जिससे बिजली घरो में कोयले का स्टॉक अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है।

**अन्य प्रदेश के लोग भी बिलासपुर में अपना आशियाना बनाना चाहते हैं**

**कुल 320 करोड़ का कारोबार हुआ, टारगेट 470 करोड़ का था**

# प्रापर्टी खरीदने वालों की बिलासपुर बना पसंद, 41 हजार संपत्तियों की हुई इस साल रजिस्ट्री, सबसे अधिक बिक्री आवासीय प्लाटों की

**बिलासपुर।** न्यायधानी बिलासपुर के बढ़ रहे दायरे और सुविधाओं के कारण लोग अपने लिए आशियाना यहां बनाना चाह रहे हैं। प्रदेश के साथ अगल-अलग राज्यों के लोगों को बिलासपुर शहर पसंद आ रहा है। वर्ष 2024-25 में प्रदेश भर में संपत्तियों की खरीदी-बिक्री में रायपुर जहां सबसे आगे रहा तो बिलासपुर दूसरे नंबर पर रहा है।

रायपुर में कुल 46 हजार लोगों नें मकान और जमीन खरीदे तो पंजीयन विभाग से मिले आंकड़े बता रहे हैं कि बिलासपुर दूसरे नंबर पर रहा है। यहां 41 हजार रजिस्ट्री हुई। दुर्ग में 34 संपत्तियां खरीदी-बेची गईं। बिलासपुर में कुल 320 करोड़ का कारोबार हुआ जबकि टारगेट 470 करोड़ का था। वित्तीय वर्ष के अंतिम सप्ताह में सर्वर ने सबसे अधिक परेशान किया। करीब 50 करोड़ के पंजीयन पर भी असर पड़ा। कई दिन तो इक्का-दुक्का रजिस्ट्री ही हो सकी और लोगों को स्लाट कैंसिल कराते हुए लौटना पड़ा।

जानकारी के मुताबिक बिलासपुर के 41 हजार रजिस्ट्री संपत्तियों को खरीदने वालों में से 10 फीसदी लोग ऐसे हैं, जो प्रदेश के बाहर के हैं। इससे साफ है कि बिलासपुर में हो



रहे विकास का असर लोगों को दिखने लगा है। बिलासपुर के पंजीयन विभाग को इस साल लक्ष्य के विरुद्ध हालांकि कम आय प्राप्त हुई है। ज्ञात हो कि प्रदेश भर से ज्यादा रजिस्ट्री हुई है, लेकिन बीते साल से आंकड़ा काफी कम है। पिछले साल बिलासपुर में 350 करोड़ का कारोबार हुआ था। इस साल लेकिन 320 करोड़ के करीब ही खरीदी बिक्री हो सकी। इस साल रजिस्ट्री कम हुई हैं। इसके पीछे अवैध प्लाटिंग और सुगम एप में हुई सख्ती के कारण आंकड़े गिरना बताया जा रहा है।

### सर्वर ने किया लगातार परेशान, लौटे कई लोग

मार्च के अंतिम सप्ताह में रजिस्ट्री का सर्वर जाम रहा। दरअसल सालभर में सबसे ज्यादा मार्च में ही लोग रजिस्ट्री कराते हैं लेकिन बार-बार सर्वर खराब होने से लोगों को रजिस्ट्री के बिना ही कई लोगों को लौटना पड़ा। आमदिनों में रोज औसतन 150 से ज्यादा रजिस्ट्री होती है। मार्च में यह आंकड़ा बढ़ जाता है, लेकिन सर्वर इतना स्लो रहा कि बड़ी मुश्किल से 20 लोगों की ही रजिस्ट्री हो पाई। अंतिम तीन दिन तो और परेशानी रही। सर्वर इतना स्लो रहा कि 200 से अधिक लोगों को स्लाट दिया गया था लेकिन 60 से अधिक रजिस्ट्री नहीं हो सकी। एक-दो रजिस्ट्री के बाद सर्वर फिर बंद हो जा रहा था। 31 मार्च को आखिरी दिन करीब डेढ़ सौ रजिस्ट्री जरूर हुई जिससे विभाग को लगभग डेढ़ करोड़ रुपए का राजस्व मिला।

### इस साल मिला था 470 करोड़ का टारगेट

ज्ञात हो कि राज्य सरकार लगातार पांच साल तक रजिस्ट्री का टारगेट बढ़ाती रही है क्योंकि हर साल रिकार्ड रजिस्ट्री से राजस्व मिलता रहा। पिछले साल भी 2023-24 में 350 करोड़ से ज्यादा का लक्ष्य जिले को दिया गया था, जिसे बिलासपुर पंजीयन विभाग ने पार कर दिया था। इस साल इस टारगेट को और बढ़ा दिया गया और इसे 470 करोड़ रुपए कर दिया गया था। हालांकि 320 करोड़ तक ही जिला पहुंच सका था।

| जिला | संपत्तियों की खरीदी बिक्री |
|---|---|
| बिलासपुर | 41985 |
| रायपुर | 46589 |
| दुर्ग | 34201 |
| रायगढ़ | 17251 |
| जांजगीर चांपा | 14282 |
| राजनांदगांव | 26201 |

### आवासीय प्लाटों की ज्यादा हुई बिक्री

अहम बात यह है कि अन्य प्रदेश के लोग भी बिलासपुर में अपना आशियाना बनाना चाहते हैं। बीते एक साल में सबसे ज्यादा बिक्री आवासीय प्लाटों की हुई है। इसके अलावा सरकारी एजेंसियों की रिआयती फ्लैट भी बिके हैं। इससे अब बड़े मैट्रो शहरों की तरह स्वतंत्र मकानों के साथ फ्लैट कल्चर भी डवलप हुआ है। बिलासपुर में अभी 15 लाख से लेकर एक करोड़ तक के फ्लैट बिके हैं।

### दूसरे नंबर पर रहा बिलासपुर

बिलासपुर के बढ़ रहे दायरे और सुविधाओं के कारण लोग अपने लिए आशियाना यहां बनाना चाह रहे हैं। वर्ष 2024-25 में प्रदेश भर में संपत्तियों की खरीदी-बिक्री में रायपुर जहां सबसे आगे रहा तो बिलासपुर दूसरे नंबर पर रहा है। बिलासपुर में कुल 41 हजार 985 रजिस्ट्री हुई।

- आर आर स्वर्णकार, जिला पंजीयक



## सरकारी जमीन पर 23 लोगों का कब्जा, प्रशासन ने अवैध निर्माण पर चलाया बुलडोजर

**बिलासपुर।** जिले के बिरकोना में प्रशासन ने रविवार को अवैध कब्जे पर बुलडोजर चलाया। श्मशान घाट और सरकारी जमीन पर 23 लोगों ने अवैध निर्माण कर रखा था जिसे बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया गया। प्रशासन ने बिरकोना के अन्य अतिक्रमणकारियों को भी 3 दिन का नोटिस जारी किया है। इस दौरान स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि यदि निर्धारित समय में अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो बलपूर्वक कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर अवनीश शरण के आदेश पर यह कार्रवाई की गई। एसडीएम मनीष साहू और अतिरिक्त तहसीलदार गरिमा ठाकुर के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम ने अतिक्रमण हटाया। कार्रवाई के दौरान पुलिस बल और स्थानीय निकाय के कर्मचारी भी मौजूद रहे। गौरतलब है कि इससे एक दिन पहले शनिवार को हाईकोर्ट के आदेश पर पेंड्रीडीह बाईपास रोड से 26 लोगों का अवैध कब्जा हटाया गया था। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अतिक्रमण विरोधी अभियान आगे भी जारी रहेगा।

**हवाई सुविधा विस्तार**

## नौ दिन चले अढ़ाई कोस की तर्ज पर चल रहा काम

**बिलासपुर।** हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने राज्य के दूसरे प्रमुख शहर बिलासपुर की हवाई सुविधा विस्तार में की जा रही उपेक्षा की कड़े शब्दों में निंदा की है। समिति ने कहा की 6 लाख की आबादी वाले इस शहर में जिसके हवाई अड्डे को अन्य 14 जिले भी उपयोग करने वाले हैं के सभी विकास कार्य 9 दिन चले लड़ाई कोस की तर्ज पर चल रहे हैं। समिति ने कहा की 4 वर्ष पूर्व जो स्थिति थी आज भी वही स्थिति बनी हुई है।

हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने ब्यौरा देते हुए बताया कि आज भी बिलासपुर से सातों दिन दिल्ली की उड़ान नहीं है, जबकि 2021 में जब हवाई अड्डा चालू हुआ था, तब सातों दिन दिल्ली की उड़ान थी। एलाइंस एयर कंपनी ने दो दिन डायरेक्ट फ्लाइट देने के बदले में दो दिन फ्लाइट जगदलपुर को डाइवर्ट कर दी है। प्रयागराज की उड़ान भी सप्ताह में चार दिन चला करती थी। पर्याप्त सवारी होने के बावजूद अब उसे केवल दो दिन चलाया जा रहा है। जबलपुर उड़ान भी सप्ताह में 4 दिन से घटकर 2 दिन कर दी गई है और बदले में केवल दो दिन जगदलपुर और दो दिन कोलकाता उड़ान जोड़ी गई है। समिति ने कहा कि राज्य के उत्तरी भाग के 14 जिले और यहां तक की मध्य प्रदेश के अनूपपुर, डिंडोरी आदि जिलों के लिए बिलासपुर ही सबसे नजदीकी एयरपोर्ट है बावजूद इसके यहां विकास कार्य नहीं किया जा रहा है। नाइट लैंडिंग की सुविधा देने में सभी स्वीकृतियों के बाद भी 2 वर्ष का समय गंवाया जा चुका है और अभी भी इस बात की गारंटी नहीं की कब तक नाइट लैंडिंग की सुविधा प्राप्त होगी।

- **4 साल पहले जैसी ही स्थिति आज भी**

समिति ने कहा कि राज्य और केंद्र की सरकार बिलासपुर के साथ अन्याय कर रहे हैं। क्षेत्र में हजारों करोड़ के पावर प्लांट, कोयला खदान और कोयला परिवहन के लिए सब कुछ किया जा रहा है, परंतु केवल 300 करोड़ की लागत से बनने वाला एक सर्वे सुविधायुक्त एयरपोर्ट अभी तक साकार नहीं हो सका। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति की महाधरना में बद्री यादव, डॉ. प्रदीप राही, रवि बनर्जी, अमित तिवारी, सुदीप श्रीवास्तव, चित्रकांत श्रीवास, मनोज श्रीवास, राकेश शर्मा, दीपक कश्यप, गिरीश कश्यप, प्रतीक तिवारी, मोहन जायसवाल, पवन पांडे, देवेंद्र सिंह ठाकुर, गोपाल दुबे, प्रकाश वहरानी, महेश दुबे टाटा, चंद्र प्रकाश जायसवाल, नवीन वर्मा आदि शामिल थे।



**निगरानी : सरकारी चावल बेचने वालों पर खास नजर**

# 4 दिनों में करनी होगी 600 राशन दुकानों की जांच देरी के कारण 4 लाख से अधिक हितग्राही परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सरकारी राशन दुकानों में राशन की कालाबाजारी रोकने के लिए खाद्य विभाग ने सख्ती शुरू कर दी है। राशन दुकानों के स्टॉक की जांच शुरू हो गई है। खाद्य विभाग के अधिकारी राशन दुकानों में स्वयं जाकर स्टॉक की जांच कर रहे हैं। हालांकि अभी तक 682 दुकानों में से सिर्फ 84 दुकानों की ही जांच की जा सकी है। ध्यान रहे कि जिले के सभी राशन दुकानों का 1 से 10 अप्रैल तक भौतिक सत्यापन किया जाना है। ऐसे में सवाल है कि अगले चार दिनों में करीब 600 दुकानों तक अधिकारी कैसे पहुंचकर स्टाक का सत्यापन कर सकेंगे।

- **जिले के 682 राशन दुकानों का 10 अप्रैल तक भौतिक सत्यापन किया जाना है**

दूसरी ओर यह भी मंत्रालय से आदेश जारी हुआ है कि यह देखना है कि दुकानों में कितना राशन बाकी था, कितना बंटा राशन और दुकान के खिलाफ कोई मामला तो लंबित नहीं है, इसकी जांच की जाए। जिन दुकानों की जांच पूरी हो वहां से राशन देना शुरू कर दिया जाए। जिन दुकानों की जांच नहीं हुई वहां से राशन न बांटा जाए। ऐसे में हितग्राही राशन नहीं मिलने से परेशान है।

उल्लेखनीय है कि खाद्य नागरिक आपूर्ति निगम एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने राशन दुकानों में राशन की कालाबाजारी, ओवर स्टॉक आदि की शिकायतों के चलते सभी दुकानों का वार्षिक भौतिक सत्यापन करने का आदेश जारी किया है। इसके तहत सभी खाद्य अधिकारियों को अपने-अपने जिले की सभी राशन दुकानों का 4 अप्रैल से भौतिक सत्यापन करना था। इसी के तहत जिले में भी खाद्य अधिकारियों ने अभियान शुरू कर दिया है।

### जहां जांच नहीं वहां से राशन मिलना मुश्किल

दूसरी ओर खाद्य विभाग के अजीबोगरीब फैसले ने आम लोगों के साथ ही जिले के 682 राशन दुकानदारों को परेशान कर दिया है। जानकारी के मुताबिक मंत्रालय से आदेश जारी हुआ है कि जिन दुकानों की जांच पूरी हो गई हो वहां से राशन देना शुरू कर दिया जाए। जिन दुकानों की जांच नहीं हुई वहां से राशन न बांटा जाए। खाद्य विभाग के इसी आदेश के बाद कई जिलों के राशन दुकानों में राशन बांटने का काम ही नहीं हो पा रहा है। इसके साथ ही नए आदेश में खाद्य निरीक्षक का आधार राशन दुकान से लिंक कर दिया गया है। निरीक्षक अपने उंगलियों का इंप्रेशन नहीं देगा तब तक दुकान की जांच नहीं हो सकेगी।



### राजस्व अमला साथ तो देरी होगी ही

राशन दुकानों के सत्यापन के दौरान खाद्य विभाग के निरीक्षकों सहित राजस्व और सहकारिता विभाग के कर्मचारी 10 अप्रैल तक 13 हजार से ज्यादा दुकानों का सत्यापन पूरा करेंगे। तहसीलदार भी साथ रहेंगे, ताकि प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष हो सके। इस तरह का आदेश जारी किया गया है। जाहिर है जो राजस्व अमला अपनी पेंडेंसी खत्म नहीं कर पा रहा है और लोगों को तारीख पर तारीख दी जाती है, उसके अधिकारी राशन दुकानों के सत्यापन में कितना सक्रिय रहेंगे समझा जा सकता है। ज्ञात हो कि जिले में कुल 696 शासकीय राशन दुकानें हैं। इन सभी का भौतिक सत्यापन करना है। दो दिनों में 82 राशन दुकानों का ही सत्यापन हो पाया है। जिला खाद्य नियंत्रक अनुराग भदौरिया के मुताबिक शुरूआत में कुछ टैक्निकल समस्या के कारण देरी हुई है। तय समय 10 अप्रैल तक सभी राशन दुकानों का सत्यान करने की कोशिश की जा रही है। खाद्य विभाग के मुताबिक सहायक खाद्य अधिकारी और खाद्य निरीक्षक अपने-अपने प्रभार क्षेत्र की दुकानों के स्टाक का सत्यापन कर रहे हैं।

### ऐसे किया गया था फर्जीवाड़ा

केंद्र सरकार की ओर से राज्यभर के राशन दुकानों की जांच कराई गई थी। आरोप लगा कि राशन दुकानों में कई महीने का स्टॉक बाकी होने के बावजूद उन्हें नया स्टॉक जारी किया जाता रहा। राज्यभर में 216 करोड़ के चावल के फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ था। राज्य की 13779 राशन दुकानों को पिछले साल मार्च में ही ऑनलाइन स्टॉक अपडेट करना था, लेकिन केवल 691 राशन दुकानों ने ही किया। 33 जिलों में अभी भी राशन दुकानों से 15.57 लाख मीट्रिक टन चावल और 48 हजार क्विंटल शक्कर गायब है। इसकी कीमत 200 करोड़ से भी ज्यादा है। खाद्य विभाग ने इसी को लेकर आदेश जारी किया है कि जांच पूरी होने राशन दुकानों के सत्यापन के बिना नहीं बंटेगा चावल 10 दिन में 13 हजार राशन दुकानों की जांच करनी है।

### टैक्निकल प्राब्लम के कारण हुई देरी

शुरूआत में कुछ टैक्निकल प्राब्लम के कारण देरी हुई है। तय समय 10 अप्रैल तक सभी राशन दुकानों का सत्यान करने की कोशिश की जा रही है। खाद्य विभाग के निरीक्षकों सहित राजस्व और सहकारिता विभाग के कर्मचारी अपने-अपने प्रभार क्षेत्र की दुकानों के स्टाक का सत्यापन कर रहे हैं।

- अनुराग सिंह भदौरिया, खाद्य, नियंत्रक

## फर्जी दस्तावेज से स्कार्पियो सहित दो वाहन बेचा, फरार आरोपी रायपुर से गिरफ्तार

**बिलासपुर।** फर्जी दस्तावेज के सहारे एक व्यक्ति को 12 लाख रुपए में स्कार्पियो सहित दो वाहन बेचने वाले फरार आरोपी को पुलिस ने रायपुर से गिरफ्तार कर लिया है। इसके पहले महिला सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया गया था।

ज्ञात हो कि वर्ष 2024 में मंगला शुभम विहार कालोनी निवासी कौसल कुमार को दो व्यक्ति व युवती ने दस्तावेज सहित अपनी गाड़ी बताकर 12 लाख रुपए में स्कार्पियो सहित दो वाहन बेच दिया था। बाद में उन्हें पता चला गाड़ी के दस्तावेज फर्जी है और गाड़ी दूसरे की है। 27 जून 2024 को उन्होंने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई थी। पुलिस धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच में जुट गई थी। 5 अप्रैल को सिविल लाइन थाने के एसआई पूरन सिंह बघेल ने स्टाप के साथ रायपुर में घेराबंदी कर फरार आरोपी आशीष श्रीवास पिता स्व. रामनारायण श्रीवास 39 साल चंगोराभाठा रायपुर निवासी को गिरफ्तार कर लिया है। इसके पहले दानेश्वर पिता राधेश्याम निषाद अम्लेश्वर दुर्ग, नम्रता खुराना पिता रामनिवासी खुराना भिलाईगढ़ अम्बेडकर चौक निवासी को गिरफ्तार किया गया था।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

## बलौदाबाजार से आकर क्रिकेट सट्टा खिला रहा था खाईवाल, 5 गिरफ्तार

**बिलासपुर।** सरकण्डा थाना के पेट्रोलिंग पार्टी ने बलौदा बाजार से आकर किराए के मकान में आईपीएल मैच में क्रिकेट सट्टा खिला रहे खाईवाल सहित पांच लोगों को पकड़ लिया है। उनके कब्जे से 10 हजार 390 रुपए नकद, 6 मोबाइल, 1 लैपटाप, सट्टापट्टी लिखा रजिस्टर जब्त किया गया है। पुलिस सटोरियों को गिरफ्तार कर लिया है।

शनिवार को सरकण्डा थाना के पेट्रोलिंग पार्टी के आरक्षक मुकेश कुमार शर्मा, शिव कुमार जोगी को गश्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिली, कपिलनगर में संजीव सिंह के किराए के मकान में बाहरी लोगों के द्वारा बड़े पैमाने पर आईपीएल मैच क्रिकेट सट्टा खिलाया जा रहा है। टीआई निलेश पाण्डेय के निर्देश पर दोनों आरक्षकों ने उक्त मकान में दबिश देकर मैच देखते हुए मोबाइल में सट्टा खिलाते खाईवाल राजदीप साहू पिता दामोदर प्रसाद साहू 23 साल अमलीडीह गिधौरी बलौदाबाजार, उसके सहयोगी किशोर कुमार कोयल पिता जगदीश कोयल 23 मोहतरा गिधौरी बलौदाबाजार, रथराम साहू पिता राधेश्याम साहू 24 साल गेवरा बिर्रा जांजगीर, विनय पटेल पिता सुरेश पटेल 25 सिलादेही बिर्रा जांजगीर, दिकेश्वर साहू पिता पवन कुमार साहू 22 साल अमलीडीही लोरमी निवासी को पकड़ लिया। उनके पास से 10 हजार 390 रुपए नकद, 6 मोबाइल, 1 लैपटाप, सट्टापट्टी लिखा रजिस्टर जब्त किया गया है। पुलिस ने छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 6 एवं 7 के तहत पांचों के खिलाफ अपराध कायम किया गया है। पुलिस ने खाईवाल राजदीप साहू को गिरफ्तार कर चारों सहयोगियों को नोटिस देकर छोड़ दिया है।

### सटोरियों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई, मचा हड़कंप

लंबे अरसे से जिले में आईपीएल मैच में सटोरियों पर कार्रवाई एक तरह से थम सी गई थी। एक तरह से कहा जाए तो खाईवालों को अभयदान मिला हुआ था। किन्तु इस बार एसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर सट्टा खिलाने वालों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई की जा रही है। बीते 5 दिन में आईपीएल मैच में सट्टा खिलाने वाले 13 सटोरियों को पकड़कर कार्रवाई की गई है और पहली बार खाईवालों के खिलाफ अपराध दर्ज किया जा रहा है।

